




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 14, अंक - 82 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 4 जनवरी 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## युवाओं को इंडस्ट्रीज से जोड़ने रूंगटा आर-1 ग्रुप को मिला बेस्ट परफॉर्मेंस कॉलेज का पुरस्कार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के सहयोग से युवाओं को स्किल्ड बनाने वाली राष्ट्रीय संस्था एडुस्किल्स ने भिलाई के रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आर-1) को तीन श्रेष्ठता पुरस्कार दिए हैं। कॉलेज को बेस्ट परफॉमेंस इंस्टीट्यूट का तमगा मिला है। ईस्ट जोन स्तर पर यह पुरस्कार दिया गया।

इसी तरह संस्था के ग्रुप डायरेक्टर सीडीसी डॉ. एडविन एंथोनी अमलनाथन के, को डायरेक्टर एक्सीलेंस अवॉर्ड-2022 और बेस्ट परफॉर्मिंग सेंटर ऑफ एक्सीसेंस कॉर्डिनेटर के पुरस्कार कॉलेज कि एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हूमा खान को दिया गया। एडुस्किल्स ने देशभर के कॉलेजों के बीच एकेडमिया और इंडस्ट्रीज के बीच के गैप को कम करने वाले संस्थानों का आंकलन किया। एआईसीटीई से इस सर्वे के लिए इनपुट लिए गए। रिसर्च और उसमें युवाओं की भागीदारी ने भी रूंगटा आर-1 को यह तीन श्रेष्ठ अवॉर्ड दिलाए। इस उपलब्धि पर संस्था के चेयरमैन संतोष रूंगटा, डायरेक्टर डॉ. सौरभ रूंगटा और सोनल रूंगटा ने हर्ष व्यक्त किया।



### डिजिटली मजबूत होंगे युवा

एडुस्किल के जरिए रूंगटा ग्रुप अपने स्टूडेंट्स को डिजिटल तौर पर मजबूत बनाएगा। तकनीकी स्किल्स से अपडेट रखने और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए दोनों ही संस्थानों के बीच एमओयू किया गया है। एडूस्किल्स एक गैरलाभकारी संगठन है, जो भारत में उद्योग की मांग के अनुसार युवाओं को डिजिटल रुप से तैयार करता है। उनके लिए विश्व स्तरीय पाठ्यक्रमों की पहुंच सुनिश्चित करता है।

## खास खबर...

### देश की न्यायपालिका लंबित मामलों की समस्या से जूझ रही 10 लाख लोगों पर 50 जजों की जरूरत

**पालघर ( एजेंसी )।** देश की न्यायपालिका बड़ी संख्या में लंबित मामलों की समस्या से जूझ रही है। इसको लेकर ना केवल सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बल्कि कानून मंत्री किरेन रिजिजू तक चिंता जाहिर कर चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट लंबित मामलों की संख्या कम करने के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही है। वहीं, मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश अभय एस ओका ने भी इसे लेकर बयान दिया है। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि भारत में प्रत्येक 10 लाख की आबादी पर 50 न्यायाधीशों की आवश्यकता है, लेकिन वर्तमान में यह आंकड़ा केवल 21 है। इस कारण ही लंबित मामलों की संख्या बढ़ रही है। वह रविवार को सामाजिक संगठन 'सोबती' की 16वीं वर्षगांठ पर पालघर जिले के वाडा में आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे। सामाजिक संगठन 'सोबती' नेत्रहीन बच्चों और अन्य विकलांग बच्चों के लिए काम करता है। न्यायमूर्ति ओका ने यह भी कहा कि समाज के सदस्यों को उन संस्थानों की मदद के लिए आगे आना चाहिए जो विकलांग बच्चों को सहायता प्रदान करने के क्षेत्र में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि विदेशों में सरकार विशेष बच्चों के परिवारों की मदद करती है, लेकिन दुर्भाग्य से भारत में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।

### सड़क हादसाः अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई कार, महिला समेत तीन की मौत

**गुना ( एजेंसी )।** एमपी के गुना जिले में एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जिले के चाचौड़ा थाना क्षेत्र के रानी खेजड़ा गांव के पास एनएच-46 हाईवे पर एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि ड्राइवर को झपकी आने के कारण कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई है। सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पुलिस पहुंची और तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया जा रहा है कि कार क्रमांक एमपी 09 सीजेड 4902 धार जिले के देपालपुर से बरेली जा रही थी। झपकी लगने के कारण कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। कार में बैठे दो व्यक्ति और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है इस हादसे में मृतक दिनेश दास आश्रम बुजुर्ग जिला धार का रहने वाला है, तो वहीं दूसरा मृतक चालक सचिन देपालपुर का रहने वाला है। तीसरी मृतक महिला नीलम यूपी के आगरा की रहने वाली है।

## ट्विनसिटी में नए साल की पहली बारिश, घने कोहरे से दिन की शुरुआत

# ठंड व बारिश ने बिगाड़ा लोगों का दिन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नए साल की शुरुआत में ही बारिश ने ट्विनसिटी का मौसम सुहाना बना दिया। बुधवार की सुबह घने कोहरे के साथ हुई और लोगों ने ठंड के साथ ही बारिश का भी मजा लिया। मौसम का मिजाज ऐसा है कि सूर्य देव भी डरकर छिप गए हैं। सुबह स्कूली बच्चे बारिश में बस का इंतजार कर रहे थे या फिर पैरेंट्स उन्हें छोड़ने निकले। वहीं नौकरी पेशा लोग बारिश के बीच अपने अपने काम पर जाते दिखे। बारिश व ठंड के बीच स्कूली बच्चों से लेकर नौकरी पेशा लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एक तरह से देखा जाए तो ठंड व बारिश ने लोगों के दिन की शुरुआत बिगाड़ दी।

छत्तीसगढ़ के मौसम विभाग ने भी अचानक बारिश का कारण बताया है। मौसम केन्द्र रायपुर द्वारा एक दिन पहले छत्तीसगढ़ के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की आशंका जताई थी और हुआ भी ऐसा की। दुर्ग जिले में के साथ ही प्रदेश केअन्य जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होती रही। मौसम केन्द्र रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार बारिश व अचानक ठंड बढ़ने का कारण बंगाल की खाड़ी से चल रही ठंडी हवाएं हैं।

मौसम विभाग ने यह भी बताया कि बुधवार को सुबह हुई बारिश ने दुर्ग जिले का तापमान 8 से 9 डिग्री तक कम कर दिया है। एक दिन पहले मंगलवार को दुर्ग भिलाई का अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री दर्ज किया गया था। सुबह से जारी बारिश व ठंड के कारण दुर्ग भिलाई का तापमान सीधे 9 डिग्री गिरकर 19 डिग्री दर्ज किया। मौसम विभाग ने सुबह 10 बजे के बीच इसका आंकलन किया है। वहीं न्यूनतम तापमान में भी भारी कमी की आशंका जताई जा रही है।



### बारिश व ठंड के बीच तरबतर हुआ शहर



बुधवार को सुबह से जारी बारिश के कारण शहर तरबतर हो गया। सामान्य बारिश ने पूरे शहर का भिगा दिया। वहीं ठंड से बचने जगह जगह अलाव भी नजर आए। निगम द्वारा भी बढ़ती ठंड को देखते हुए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने का निर्देश दिया है। इस साल की सर्दियों में आज का दिन और दिनों की अपेक्षा काफी ठंडा रहा। जिले के शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में भी घना कोहरा देखा गया। महौल ऐसा था कि दूर दूर तक न तो सड़क दिख रही थी और न गाड़ियां दिख रही थी।

## कोरोना को लेकर भारत अलर्ट, 24 घंटों में हुए 2 लाख से ज्यादा कोविड टेस्ट



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कोरोना की नई लहर के चलते चीन से आ रही तस्वीरें डरा रही हैं। इस बीच भारत में कोरोना मामलों की बात करें तो पिछले 24 घंटों में 175 नए मामले दर्ज किए गए. देशभर में कोरोना का डेली पॉजिटिविटी रेट इस समय 0.09 प्रतिशत है वहीं वीकली पॉजिटिविटी रेट 0.12 प्रतिशत है। कोरोना वायरस के खिलाफ राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक कुल 220.11 करोड़ टीके की खुराक (95.13 करोड़ सेकंड डोज और 22.41 करोड़ बूस्टर डोज) दी जा चुकी है।

पिछले 24 घंटों में वैक्सीन की 48,292 खुराक दी गई है। भारत का सक्रिय केसलोड इस समय 2,570 (0.01 प्रतिशत) है। इसके अलावा रिकवरी रेट 98.8 प्रतिशत है। बीते एक दिन में 187 लोग ठीक हुए और इसके साथ ही कुल ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 4,41,45,854 हो गई। अब तक कुल 91.13 करोड़ टेस्ट किए गए हैं। वहीं पिछले 24 घंटों में 2,01,690 टेस्ट किए गए हैं।

### दुनिया भर में तेजी से बढ़ रहे कोरोना के मामले

बता दें कि चीन समेत दुनियाभर में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। क्रिसमस और न्यू ईयर के जश्न के बाद जापान, अमेरिका, दक्षिण कोरिया और ब्राजील में भी कोरोना बेलगाम हो गया है। दुनियाभर में पिछले 7 दिन में कोरोना के 30 लाख से ज्यादा केस सामने आए हैं। वहीं इस दौरान 9847 लोगों ने महामारी से जान गंवाई है। अकेले जापान में 7 दिन में 2188 लोगों की मौत कोरोना से हुई है। कोरोना के आंकड़ों पर नजर रखने वाली संस्था worl-dometers के मुताबिक, दुनियाभर में पिछले 7 दिन में कोरोना के 3,044,999 केस सामने आए हैं। जबकि 9,847 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। इस दौरान 2,545,786 लोग ठीक भी हुए हैं।

## स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में शुरू हुई तीन दिवसीय एस्ट्रो शाला, खगोलीय घटनाओं के प्रत्यक्षदर्शी बने विद्यार्थी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई सेक्टर 6 के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में तीन दिवसीय एस्ट्रो शाला की शुरुआत हुई, जिसमें सेजेस के विद्यार्थियों ने 110 गुना जूमिंग कैपेसिटी वाले रिफ्लेक्टिव टेलीस्कोप से चंद्रमा और जुपिटर ग्रह को देखा। स्टार गेजिंग में आकाशगंगा से लेकर खगोलीय घटनाओं के प्रत्यक्षदर्शी बने सेजेस के विद्यार्थी। सेजेस के बच्चों के लिए ये अनुभव किसी सपने के पूर्ण होने जैसा था।



दुर्ग जिले में सेक्टर 6 में स्थित आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल पहला स्कूल बन गया है, जहां एस्ट्रोनॉमी लैब से बच्चे इस दुनिया के परे दूसरी दुनिया से परिचित हो पाएंगे। इसी की शुरुआत आज स्टार गैजिंग इवेंट को लेकर हुई। जिसमें विद्यार्थियों ने 50 हजार रुपए से लेकर 1 लाख रुपए तक के ट्यूबलरनुमा रिफ्लेक्टिंग टेलीस्कोप से खगोलीय विज्ञान को समझने की कोशिश की। बच्चों ने इस टेलीस्कोप से आज चंद्रमा और जुपिटर ग्रह को अपनी आंखों के ठीक सामने पाया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अमेचर एस्ट्रोनॉमी क्लब के कोऑर्डिनेटर राजेश लोहिया ने स्कूली विद्यार्थियों को अंतरिक्ष में होने वाली खगोलीय घटक और उनकी घटनाओं के विषय में जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने बच्चों को समझाया कि ब्रह्मांड में ग्रह पृथ्वी में हम दोनों के दोनों ऑर्बिट में है इसलिए दोनों की पोजीशन में निरंतर बदलाव होता रहता है। पृथ्वी अपने ही स्थान में घूर्णन भी कर रही है और सूर्य की परिक्रमा भी कर रही है। उन्होंने उपस्थित बच्चों को पुराने समय के लोग सुबह के समय सूर्य को और रात के समय ध्रुव तारे को किस प्रकार दिशा सूचक के रूप में प्रयोग करते थे इनकी जानकारी भी दी।

स्काई व्यू एंड्राइड एप्लीकेशन बना बच्चों का एस्ट्रो ट्युटर विद्यार्थियों को स्काई व्यू नामक एंड्राइड एप्लीकेशन के बारे में भी जानकारी दी गई इस एप्लीकेशन के माध्यम से बच्चे अपने मोबाइल को आकाश की ओर दिशा देकर किसी भी खगोलीय पिंड के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कोऑर्डिनेटर ने बताया कि यह एप्लीकेशन एक प्रकार से बच्चों के लिए एक एस्ट्रो ट्युटर की भांति कार्य करता है।

खगोलीय विज्ञान की दुनिया को विद्यार्थी बेहतर तरीके से समझे और इसे भविष्य में अपने कैरियर के रूप में अपनाएं इसके लिए कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने नवाचार करने के निर्देश दिए थे। जिसके तहत एस्ट्रोनॉमी इवेंट और एस्ट्रोनॉमी लैब को लेकर नगर निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास द्वारा अनुपम पहल की गई। इस पहल की नगर निगम भिलाई के महापौर नीरज पॉल ने भी सहराना की है।

इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस सहायक कलेक्टर लक्ष्मण तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जयसवाल, सेजेस की प्राचार्य श्रीमती दलजीत कोराड़ा, एस्ट्रो लाइफ डेवलपर सुश्री अनुष्ठा दास वैष्णव, एस्ट्रोलाइफ डिजाइनर अतुल जिंदल व सेजेस के अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## करोड़ों की सड़क, लाखों की गाड़ियां और पिछली सदी का स्पीड लिमिट




सड़क हादसों में प्रति वर्ष हजारों लोग अपनी जान गंवा रहे हैं. इनमें युवाओं की संख्या ज्यादा है. राज्य शासन ने एकीकृत सड़क दुर्घटना डाटाबेस तैयार किया है. पिछले साल के शुरुआती चार महीनों में ही लगभग दो हजार लोगों की मौत इसमें दर्ज हुई. इनमें से 70 फीसद 20-35 साल के युवा थे. जनवरी से अप्रैल के बीच हुई 621 सड़क दुर्घटनाओं में 1986 लोगों की मौत हुई. 4322 लोग घायल भी हुए. सर्वाधिक 699 सड़क हादसे रायपुर में हुए जिसमें 207 लोगों की जानें गईं. राजनांदगांव, रायगढ़, दुर्ग, कोरबा, बलौदाबाजार, बिलासपुर तथा महासमुन्द में क्रमशः 118, 115, 113, 97, 96, 95 और 88 लोगों की सड़क हादसों में मौत हुई. सड़क हादसे में मरने का सबसे बड़ा कारण अब भी बेतहाशा स्पीड और सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करना है. कारों में एयर बैग लग रहें पर बाइक वाले हेलमेट तक नहीं लगाते. पुलिस स्कूल कालेजों में जाकर लोगों को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित कर रही है पर इसका भी कोई असर नहीं दिख रहा है. अब पुलिस को 'स्पीड रडार गन' उपलब्ध कराया जा रहा है. इसमें वाहनों की वीडियो रिकार्डिंग करने, स्पीड के साथ पिक्चर फ्रीज करने की सुविधा होती है. इसी के आधार पर ओवर स्पीड ड्राइविंग करने वालों का चालान कट जाता है. वैसे यह मशीन पुलिस के पास पहले भी थी. उन दिनों इसका उपयोग रिंग रोड पर किया जाता था. मजे की बात यह है कि करोड़ों रुपए खर्च करने और दीर्घ प्रसव वेदना से गुजरने के बाद जिस फ्लाईओवर का निर्माण किया गया था, उसपर स्पीड लिमिट 40 रखी गई थी. कहीं तो इसका बोर्ड भी था पर वह दिखाई नहीं देता था. वैसे भी पांच गियर की गाड़ियों में स्पीड यदि 50 भी न हो तो नई गाड़ी का क्या मतलब? फ्लाईओवर का क्या मतलब? पुलिस मजे से हर दूसरी गाड़ी का चालान काटती थी. कुछ लोग 100-200 रुपए नगद भी दे जाते थे. दरअसल, हम भारत और इंडिया के बीच फंसे हुए हैं. इंडिया की औसत कारें फाइव+वन अर्थात सिक्स गियर की होती हैं. बाइक और स्कूटर भी 125 सीसी और इससे ज्यादा की होती है. जबकि भारत अभी भी 40 के स्पीड लिमिट में जी रहा है. अब भी हादसे होने पर भारत स्पीड ब्रेकर, रम्बलर, बैरिकेड्स की शरण में चला जाता है. लोग आखिर सड़कों पर चलना कब सीखेंगे? स्पीड लिमिट भी बेशक हो, पर वह आधुनिक वाहनों और सड़कों के हिसाब से हो. मनचले ड्राइवरों की गाड़ियां जब्त हों. कठोर अर्थदण्ड लगे. तेज रफ्तार या गलत ड्राइविंग से लोगों की जान जोखिम में डालने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो. 'कान-कंधे' में मोबाइल फंसाकर 'पुष्पा' पोज में कार-बाइक चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो तो ट्रैफिक सुधारने में मदद मिल सकती है. वैसे पुलिस अब बेहूदा ड्राइवरों के लाइसेंस निलंबित करवा रही है. उम्मीद करते हैं कि इसके अच्छे नतीजे आएंगे.




## संपादकीय

## सम्मेद शिखर का सवाल

जयपुर के सांगानेर में पिछले नौ दिनों से अनशन पर बैठे जैन मुनि सुयज्ञसागर के निधन के साथ ही सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल बनाने की कोशिश में एक अप्रिय मोड़ आ गया है। झारखंड सरकार इन दिनों पारसनाथ, देवघर, रजरप्पा, इटखोरी समेत तमाम धर्मस्थलों को धार्मिक पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की योजना पर काम कर रही है और उसकी इस कवायद का देश भर में जैन समाज द्वारा भारी विरोध हो रहा है। जैन धर्मावलंबियों का आरोप है कि पर्यटन स्थल बनाए जाने से इस पहाड़ी की शुचिता प्रभावित होगी। वे इसे वैष्णो देवी व हरिद्वार-वाराणसी की तरह तीर्थस्थल घोषित करने की मांग कर रहे हैं। झारखंड के गिरिडीह स्थित पारसनाथ पहाड़ी का जैनियों के लिए विशेष महत्व है। इस धर्म के 24 में से 20 तीर्थंकरों ने इसी पहाड़ी पर निर्वाण प्राप्त किया है। ऐसे में, यह उनकी आस्था के शीर्ष केंद्रों में से एक है और स्थानीय प्रशासन ने उनकी भावना का ख्याल रखते हुए ही इस क्षेत्र में मांस-मदिरा की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रखा है। देश के हरेक प्रांत का कोई न कोई प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दुनिया भर के हजारों-लाखों लोगों के आकर्षण का केंद्र है और उनकी चौखटों पर केवल सिर नवाने वाले श्रद्धालु ही नहीं आते, काफी सारे दूसरे धर्मों के या विदेशी पर्यटक भी भारतीय संस्कृति की इन धरोहरों की छटा देखने आते हैं। उनकी ज्यादा से ज्यादा आमद देश के विदेशी मुद्रा भंडार और राज्यों के खजाने के मुफीद बैठती है, साथ ही बड़ी संख्या में इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलते हैं। ऐसे में, सरकारों का यह दायित्व बनता है कि वे पर्यटकों की सुविधाओं का ख्याल रखें और उन्हें वहां बार-बार लौटने के लिए आकर्षित करें। दुनिया की प्राचीनतम नगरी में शुमार वाराणसी के आध्यात्मिक वैभव का दर्शन करने कितने सैलानी आते रहे हैं और नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद वहां विकास के जितने कार्य हुए हैं, इससे सैलानियों की सुविधा भी बढ़ी है, तो उनकी आमद भी। बाबा विश्वनाथ का महात्म्य तो अक्षुण्ण है और रहेगा। इसलिए विकास को कभी धर्मविरोधी नहीं मानना चाहिए। यह सुखद है कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जैन धर्मावलंबियों को आश्वस्त किया है कि उनकी भावनाओं का पूरा-पूरा ख्याल रखा जाएगा। जैन समाज देश के संपन्न तबकों में शुमार है और वह अपनी आस्था के केंद्रों के विकास में यदि सरकारों का हाथ बंटाना चाहता है, तो इसका स्वागत किया जाना चाहिए। राज्य सरकार यहां वन्य जीव अभयारण्य स्थापित करना चाहती है और साथ ही प्रदेश के हित में इसके प्राकृतिक संसाधनों के वाणिज्यिक इस्तेमाल की योजना बना रही है, तो उसे यह काम जैन समाज की धार्मिक भावनाओं का संरक्षण करते हुए करना चाहिए। धर्म वैसे भी बेहद नाजुक मसला है और यह सिर्फ आस्था के सवाल तक सीमित नहीं रह बचा है, सियासत हमेशा इसके दोहन के लिए तत्पर बैठी रहती है। इसलिए जैन समाज को चौकस रहना होगा। उसे यह कहीं से व्यंजित नहीं होने देना चाहिए कि वह पारसनाथ के विकास में अवरोधक है। किसी भी समाज और धर्म की प्रासंगिकता समय के प्रवाह के साथ चलने में है। जैन धर्म समेत हरेक संप्रदाय मन के नियमन के जरिये ही अपने धर्म की श्रेष्ठता को परिभाषित करता है। इसलिए कामना करनी चाहिए कि सम्मेद शिखर आने वाले दिनों में शुचिता, धार्मिक सहिष्णुता व आर्थिक उन्नति का संदेशवाहक बने!

> “ दुनिया की प्राचीनतम नगरी में शुमार वाराणसी के आध्यात्मिक वैभव का दर्शन करने कितने सैलानी आते रहे हैं और नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद वहां विकास के जितने कार्य हुए हैं, इससे सैलानियों की सुविधा भी बढ़ी है, तो उनकी आमद भी। बाबा विश्वनाथ का महात्म्य तो अक्षुण्ण है और रहेगा।

## यह वैराग्य किस काम का

राग और विराग मानव जीवन की दो बड़ी विशेषताएं हैं। कुछ चीजें हमें अपनी ओर खींचती हैं, और कुछ से हम दूरी बनाकर रखते हैं। मनुष्य की तर्कशक्ति बड़ी प्रबल है। वह असत्य के पक्ष में जोरदार दलीलें दे सकता है। वह जीवन भर एक सत्य पर टिका नहीं रह सकता। परिवर्तन उसका स्वभाव और नियति है। उसकी यह प्रवृत्ति उसके पौरुष को व्यक्त करती है, पर इसे पुरुषार्थ नहीं कहा जा सकता। पुरुषार्थ के संबंध में शास्त्रों ने बड़ी सटीक बात कही है। चार पुरुषार्थ हैं- धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। इनमें अर्थ काम और मोक्ष तो मनुष्य की निजी महत्वाकांक्षाएं हैं, जिनको 'एषणा' कहा गया है। लेकिन धर्म नामक पुरुषार्थ बड़ा व्यापक अर्थ रखता है। वह मनुष्य और मनुष्य के बीच संबंध जोड़ते हुए पूरे मानव समाज की चिंता करता है। धर्म हमारे सामाजिक कर्म और संबंधों की व्याख्या करता है।

यह दुनिया निवृत्ति मार्ग की ओर नहीं, प्रवृत्ति मार्ग की ओर इशारा करती है। हम पूरे जीवन अपनी इच्छाओं की तृप्ति के लिए कुछ और पाने की लालसा से भरे होते हैं। यह तृष्णा ही हमारी सबसे बड़ी वासना है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने अपने सत्संग में एक रोचक बात कही है कि किसी परिचित या प्रियजन की मृत्यु पर हम 'राम नाम सत्य है' के वचन दोहराते हुए श्मशान घाट पहुंचते हैं। जब तक शव चिता पर जलता रहता है, तब तक हम दुनिया की क्षणभंगुरता पर बातें करते हैं, पर घर लौटते ही हमारा वह वैराग्य भाव छूमंतर हो जाता है और हम फिर से संसार के ताने-बाने में उलझ जाते हैं। इसलिए हर क्षणिक वैराग्य श्मशान वैराग्य ही तो है!

**महेंद्र मधुकर**

## आक्रमणकारी पीछे हटाये गये

रक्षा-सचिवालय द्वारा प्रकाशित एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि कल झंगर क्षेत्र में भारतीय सेना के गश्ती दस्तों ने आक्रामक कार्रवाई कर आक्रमणकारी पीछे हटा दिये। सुचेतगढ़ क्षेत्र में भी हमारे सैनिकों ने आक्रमणकारियों के दो हमलों को विफल बनाया। दूसरे क्षेत्रों में गश्ती की कार्रवाई जारी है। जम्मू के एक समाचार से पता चलता है कि मंगलवार की रात को लगभग 3000 आक्रमणकारियों ने चकराय से मकवाल तक के 12 मील लम्बे एक नये मोर्चे पर हमला किया। शत्रुओं के पास मशीनगनें और आग उगलने वाली तोपें भी थीं। सीमा के रक्षा दल ने उन्हें ललकारा और बहुत से शत्रु हताहत हुए।

विद्यार्थियों पर पुलिस ने गोली चलाई- बम्बई 31 दिसम्बर। बम्बई पुलिस ने आज तीसरे पहर परेल स्थित कामगार मैदान में जब अखिल भारतीय छात्र संघ के लगभग 25 विद्यार्थी पंडाल में जबरन घुस गये और उन्होंने वहां से हटने के लिए इन्कार कर दिया, लाठीचार्ज किया, जिसके परिणामस्वरूप 5 विद्यार्थियों को साधारण चोटें आईं। छात्र संघ सम्मेलन के लिए आये हुए प्रतिनिधियों ने जब अपने पर लगे प्रतिबन्ध का बहिष्कार करने का निश्चय किया, तब सशस्त्र पुलिस ने उक्त पंडाल को अपने कब्जे में कर लिया था। कामगार मैदान के क्षेत्र के आसपास 3000 से 4000 तक एकत्र व्यक्ति ''प्रतिबन्ध को ठुकरा दो'' के नारे लगा रहे थे। शाम के 4 बजे जब विद्यार्थियों के एक जलूस ने, जिसे पुलिस ने घेर लिया था, पंडाल की ओर जबरन बढ़ने का प्रयास किया, तो पुलिस ने छ गोलियां चलाईं। परन्तु विद्यार्थी भारी संख्या में थे और वे धक्के के साथ पंडाल में घुस गये और पुलिस सन्तरियों पर कुर्सियां फेंकी जिसके परिणामस्वरूप एक पुलिसमैन को चोट आई। जब विद्यार्थी पंडाल से नहीं उठे, तो पुलिस ने उन पर अश्रु गैस छोड़ी, जिसका प्रभाव लगभग 100 विद्यार्थियों पर हुआ। विज्ञान कांग्रेस में भाग न लेंगे- पटना, 31 दिसम्बर। पता चला है कि आवश्यक कार्यों में व्यस्त रहने के कारण नेहरूजी पटना में 2 से 8 जनवरी तक होने वाले भारतीय विज्ञान कांग्रेस के अधिवेशन में भाग न ले सकेंगे।

> “ पहले तो अफ्रीकी देश गाम्बिया में एक भारतीय फार्मा कंपनी का सिरप पीने के कारण 60 से अधिक शिशुओं का निधन हो गया। कहना न होगा कि उस घटना से देश के फार्मा सेक्टर की भारी बदनामी हुई है।

# सवालों के घेरे में हैं भारतीय फार्मा कंपनियां, जवाब दें

आरके सिन्हा, वरिष्ठ संपादक, स्तभकार और पूर्व सांसद



बीते कुछ दिनों में दो खबरें आईं, जिससे भारत के फार्मा सेक्टर की छवि पर गहरा असर पड़ा है। पहले तो अफ्रीकी देश गाम्बिया में एक भारतीय फार्मा कंपनी का सिरप पीने के कारण 60 से अधिक शिशुओं का निधन हो गया। कहना न होगा कि उस घटना से देश के फार्मा सेक्टर की भारी बदनामी हुई है। हालांकि, सिरप बनाने वाली कंपनी का दावा है कि उसकी सिरप में कोई गड़बड़ नहीं थी।

अब उज्बेकिस्तान ने भी आरोप लगाया कि भारत में बना कफसिरप देने की वजह से उनके देश में भी 18 बच्चों की जान चली गई। इस मामले में हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने जांच में सहयोग करने की बात कही। वहीं, भारत सरकार ने भी उज्बेकिस्तान सरकार के आरोपों की जांच का फैसला किया है।

उज्बेकिस्तान ने कहा नोएडा की एक फार्मा कंपनी में बना कफ सिरप पीने से उनके यहां बच्चों की जान चली गई है। उज्बेकिस्तान का दावा है कि कफसिरप में एथिलीन ग्लाइकॉल है, जो कि विषैला पदार्थ होता है। इसके इस्तेमाल से उल्टी, बेहोशी, ऐंठन, किडनी फेलियर और दिल से जुड़ी समस्या हो सकती है।

जब बच्चों को यह सिरप पिलाई गई तो एक दर्जन से ज्यादा बच्चों की जान चली गई। बेशक, ये दोनों मामले बहुत गंभीर और दुखद हैं। इनकी तह तक जांच भी होनी चाहिए। दोषियों को सख्त सजा भी मिलनी चाहिये।

कहना न होगा कि भारत के संबंधित विभागों को सारे मामले की निष्पक्ष जांच करनी होगी। जांच के बाद अगर कोई दोषी पाया जाता है तो उस पर कठोर एक्शन भी लेना होगा। इन घटनाओं पर लीपापोती नहीं की जा सकती। ये अक्षम्य अपराध है।

भारत का फार्मा क्षेत्र का निर्यात 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक का माना जाता है। पर यह याद रखना होगा कि हमारे फार्मा सेक्टर की ग्रोथ पर नकारात्मक असर पड़ सकता है, अगर हमने आगे चलकर अपने उत्पाद विश्व स्तरीय न बनायें। वैसे भी हमारी फार्मा कंपनियों पर आरोप लगता ही है कि वे अनुसंधान पर बहुत कम धन खर्च करती हैं।

हां, इस बाबत कुछ ही कंपनियां अपवाद हैं। किसी भी ईमानदार जांच से पता चल जाएग कि हमारी अधिकतर फार्मा कंपनियां नई दवाओं को ईजाद करने में बहुत कम निवेश करती हैं। याद रखिए कि बड़ी कंपनी वही होती है जो नई-नई दवाओं को ईजाद करती है। किसी कंपनी की पहचान इसलिए नहीं होती कि उसका मुनाफा या निर्यात कितना है और कितना बढ़ रहा है। बड़ी कंपनी वही मानी जाती है जो अनुसंधान कर नई नई असरदार दवायें मार्केट में लाये। बहरहाल, बच्चों की मौतों के बाद उज्बेकिस्तान और भारत में जांच शुरू हो चुकी है। उत्तर प्रदेश ड्रग कंट्रोलिंग एंड लाइसेंसिंग अथॉरिटी ने एक जॉइंट इन्क्वायरी शुरू कर दी है। देखिए, भारत का मित्र है उज़्बेकिस्तान। सोवियत संघ के विघटन के बाद से भारत- उज़्बेकिस्तान के सम्बन्ध लगातार करीब आते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने 1993 में उज़्बेकिस्तान की यात्रा की थी।

उस दौरान, दोनों देशो के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग पर हस्तक्षार हुए साथ ही ताशकंद के विश्व आर्थिक और कूटनीति विश्वविद्यालय में इंडियन चेयर की घोषणा और ताशकंद में भारतीय सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना की गयी।

इसी प्रकार भारत और उज़्बेकिस्तान के रिश्तो को मजबूती प्रदान करने के लिए 2006 में 8 समझौतों पर हस्ताक्षार किया गया। उज़्बेकिस्तान के राष्ट्रपति करीमोव द्वारा 1994, 2000, 2005 व 2011 में भारत की यात्रा की गयी।

उनकी 2011 में की गयी यात्राएं बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। क्योंकि, भारत और उज़्बेकिस्तान के बीच सामरिक साझेदारी पर हस्ताक्षर हुए, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय सहयोग को गति देना था। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में उज़्बेकिस्तान की सफल यात्रा की।

यानी भारत- उज़्बेकिस्तान के संबंध लगातार मतबूत होते रहे। जिस तरह भारत का मित्र है उज़्बेकिस्तान। उसी तरह से अफ्रीकी देश गाम्बिया भी भारत का मित्र देश है। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 2015 में गाम्बिया की यात्रा पर गए थे। उन्होंने वहां पर गाम्बिया की संसद को संबोधित करते हुए कहा था कि अफ्रीका का भविष्य का आर्थिक अनुमान और भारत का विकास दोनों ही एक दूसरे के पूरक हो सकते हैं।

भारत- गाम्बिया के व्यापार और निवेश संबंधों में प्रगति हो रही है। गाम्बिया से युवा शिक्षा, कौशल और डिजिटल क्षेत्र में ज्ञान प्राप्ति के लिए भारत आते हैं। वहां भारतीय मूल के लोग भी हैं। दरअसल समूचा अफ्रीका भारत का गांधी जी के रंगभेद के खिलाफ किए आंदोलन के कारण आदर करता है।

भारत सभी 54 अफ्रीकी देशों से बेहतर संबंध स्थापित करने को लेकर प्रतिबद्ध है। भारत अफ्रीका में बड़ा निवेशक भी है। अफ्रीका में टाटा, महिन्द्रा, भारती एयरटेल, बजाज आटो, ओएनजीसी जैसी प्रमुख भारतीय कंपनियां कारोबार कर रही है। भारती एयरटेल ने अफ्रीका के करीब 17 देशों में दूरसंचार क्षेत्र में 13 अरब डालर का निवेश किया है। भारतीय कंपनियों ने अफ्रीका में कोयला, लोहा और मैगनीज खदानों के अधिग्रहण में भी अपनी गहरी रुचि जताई है। इसी तरह भारतीय कंपनियां दक्षिण अफ्रीकी कंपनियों से यूरेनियम और परमाणु प्रौद्योगिकी प्राप्त करने की राह देख रही है। दूसरी ओर अफ्रीकी कंपनियां एग्रो प्रोसेसिंग व कोल्ड चेन, पर्यटन व होटल और रिटेल क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के साथ सहयोग कर रही हैं।

फार्मा कंपनियों को देना होगा जवाब

पहले गाम्बिया और अब उज़्बेकिस्तान में भारतीय फार्मा कंपनियां सवालों के घेरे में हैं। हमें मित्र देशों की भावनाओं को समझना होगा और यथोचित सम्मान भी करना होगा। अगर ये हमारी फार्मा कंपनियों पर कोई आरोप लगा रहे हैं, तो उसे नजरअंदाज करना मुश्किल है।

गाम्बिया और उज़्बेकिस्तान की घटनाओं को सारी दुनिया के मीडिया ने जगह दी है। सच में यह एक विकट और गंभीर स्थिति है। भारत सरकार को यहां बनी दवाओं के कारण उपर्युक्त देशों में हुई बच्चों की मौतों के मामलों को गंभीरता से लेना होगा। इस बारे में कोई दो राय नहीं हो सकती हैं। इन दोनों ही मामलों की जांच के नतीजे जल्दी आने चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। अगर हमारी कंपनियां दोषी नहीं हैं तो उनके साथ भी सरकार को खड़ा होना होगा। पर भारतीय फार्मा कंपनियों को अपने अनुसंधान को लेकर नए सिरे से सोचने की जरूरत तो है। इसमें तो किसी तरह के विवाद का प्रश्न नहीं है। हमारी फार्मा कंपनियां कैसे विश्व स्तरीय हों यह उनके लिये ही नहीं पूरे देश के लिये प्रतिष्ठा का प्रश्न तो है ही।

# बजटः वादों को पूरा करने का एक साधन

करण भसीन, ऑप इंडिया में राजनीतिक अर्थशास्त्री

वादे, भारतीय राजनीति की एक सर्वोत्कृष्ट विशेषता रहे हैं। इन वादों में से कई पूरे होते हैं, तो कई अधूरे रह जाते हैं। घोषणापत्र, सरकारी कार्यक्रम और यहां तक कि बजट की कवायद भी चुनावी राजनीति या गठबंधन की मजबूरियों का शिकार रहीं हैं, जिसके लिए ऐसे वादों की जरूरत होती है, जिन्हें तोड़ा जाना होता है।

वर्ष 2018 के उतरार्द्ध में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने 2014 के घोषणापत्र में किए गए वादों की समीक्षा करने के लिए कई कवायदें की गईं थीं। वादों को पूरा करने के मामले में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था। पूर्ण और सापेक्ष दोनों ही सन्दर्भों में। वर्ष 2019 के बाद, एक ऐसी महामारी आई जिसने सभी प्रकार की आर्थिक गतिविधियों और सरकारी वित्त में बड़ा व्यवधान पैदा किया है। इसलिए समय आ गया है कि बजट घोषणाओं पर करीब से नजर डाली जाए और यह देखा जाए कि क्या उसमें, खासकर रेल बजट से संबंधित, किए गए वादे पूरे किए गए हैं या फिर वे पिछली बजट घोषणाओं की तरह ही अधूरे रह गए हैं।

हमने बजट 2022-23 में की गई 34 प्रमुख घोषणाओं पर बारीकी से गौर किया है और उनके कार्यान्वयन का आंकलन किया है। इनमें से कई घोषणाओं से विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों का जुड़ाव है, जो उनके समयबद्ध कार्यान्वयन को मुश्किल बनाता है। इस दृष्टि से, इन घोषणाओं के कार्यान्वयन के मामले में बेहतर प्रदर्शन भारत सरकार की बेहतर प्रशासनिक दक्षता का संकेत हो सकती है।




आश्चर्यजनक रूप से, दो बातों को दर्शाते हुए इन प्रमुख घोषणाओं में से प्रत्येक में काफी प्रगति हुई है। पहली बात उठाए जा सकने लायक कदमों की घोषणा करके वार्षिक बजट की विश्वसनीयता को बहाल करने के सचेत प्रयास से संबंधित है और दूसरी बात पहले ही घोषित किए जा चुके प्रावधानों को प्रभावी तरीके से कार्यान्वित करने को लेकर किए गए केन्द्रित प्रयासों से संबंधित है। यह सब महामारी के दौरान राजकोषीय आंकड़ों को व्यवस्थित करने की पृष्ठभूमि में हुआ है। व्यवस्थित करने की यह प्रक्रिया 2014 के पहले से अपेक्षित थी क्योंकि एक के बाद एक मंत्रियों ने बैलेंस शीट से इतर जाकर उधार के माध्यम से वास्तविक घाटे को कम करने की कोशिश की थी। इसलिए यह स्पष्ट है कि अंतिम उद्देश्य बजट की कवायद की गंभीरता को बहाल करना और अधूरे वादों के पिछले अनुभवों से आगे बढ़ना है।

आइए, पिछले बजट में पीएम गति शक्ति की घोषणा से शुरुआत करते हैं। इसका उद्देश्य एक ऐसे मंच का निर्माण करना था जो बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने में मदद करे और बुनियादी ढांचे के विकास के विभिन्न पहलुओं के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार विभिन्न मंत्रालयों के कारण होने वाली देरी को कम करे। यह मंच 16 मंत्रालयों को एकजुट करता है और देश भर में मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी के तेजी से विकास के लिए मार्ग प्रशस्त करने वाले बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं की एकीकृत योजना और समन्वित कार्यान्वयन को संभव बनाता है। यह मंच पिछले कुछ समय से सक्रिय है और पीएम गति शक्ति नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन में दी गई 4827 परियोजनाओं में से 766 की रूपरेखा नेशनल मास्टर प्लान के मंच पर तैयार कर दी गई है।

इसके अलावा, वित्त मंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्गों में 25,000 किलोमीटर का विस्तार करने के निर्णय की घोषणा की थी। वित्त मंत्रालय ने पहले ही राज्य की सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के लिए संशोधित दिशानिर्देश तैयार करना शुरू कर दिया है और उसका इरादा इस नीति को अंतिम रूप दिए जाने के बाद नए राष्ट्रीय राजमार्गों को अधिसूचित करने का है। मंत्रालय वर्तमान वित्तीय वर्ष में मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्गों को बेहतर बनाने की प्रक्रिया का समर्थन करने हेतु मौजूदा परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण के माध्यम से 20,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहा है।

एक अन्य महत्वपूर्ण घोषणा यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूलिप) से संबंधित है। इसकी घोषणा विभिन्न तरीकों से माल की कुशल आवाजाही, लॉजिस्टिक संबंधी लागत एवं लगने वाले समय को कम करने, समय-समय पर इन्वेंट्री प्रबंधन में सहायता करने और थकाऊ दस्तावेजीकरण को खत्म करने के उद्देश्य से की गई थी। इस मंच को सभी हितधारकों को वास्तविक समय में जानकारी प्रदान करनी थी। आगे चलकर इस मंच को इसी के अनुरूप विकसित किया गया है और इसने देश के लॉजिस्टिक क्षेत्र को एक नए तरीके से बढ़ावा देने के प्रयास में विभिन्न मंत्रालयों और एजेंसियों की 29 डिजिटल प्रणालियों को एकीकृत किया है।

कृषि क्षेत्र में किसान ड्रोन के उपयोग के संदर्भ में, वित्त मंत्रालय राज्य सरकारों और संबंधित संगठनों को इसे खरीदने के लिए धन जारी कर रहा है। इसी तरह, ईसीएलजीएस वृद्धि को 17 अगस्त 2022 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दी गई थी।

# प्रदेश में सुगम यातायात और नागरिक सुरक्षा के लिए लगातार हो रहा काम

गोपाल भार्गव, मध्यप्रदेश, लोक निर्माण मंत्री



प्रदेशवासियों को सुगम और सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराना राज्य शासन की प्राथमिकता है। सुगम मार्ग उपलब्ध कराने की पहली इकाई होने से लोक निर्माण विभाग का लक्ष्य मध्य प्रदेश को सड़कों के निर्माण में आत्म-निर्भर बनाना और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करना है। इस उद्देश्य से मध्यप्रदेश में गत वर्ष विशेष प्रयास किए गए हैं। प्रदेश से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग और मुख्य मार्गों में ब्लॉक स्पॉट को एक वर्ष में समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। शहरों में बढ़ते हुए यातायात के दबाव को कम करने के लिए 5 बड़े शहर भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और सागर में रिंग रोड का निर्माण करना भी इसी की एक कड़ी है। सड़क दुर्घटनाओं को चिन्हित करने और नियंत्रित करने में लोक निर्माण विभाग द्वारा शार्ट टर्म और लॉन्ग टर्म दोनों प्रयोग किए जा रहे हैं। सड़कों का चौड़ीकरण, ज्योमैट्रिक विजन साइन बोर्ड का निर्माण नागरिकों को सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराने में सहायक होगा। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थापित टोल नाकों पर प्राथमिक उपचार और एंबुलेंस की व्यवस्था भी अनिवार्य की गई है।

मध्यप्रदेश में सड़क यातायात को सुगम तथा आधुनिक बनाने की दिशा में जो कदम उठाए गए हैं उनमें मुख्य राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 8853 किलोमीटर, राजमार्ग 11 हजार 389 किलोमीटर, जिला मार्ग 23 हजार 401 किलोमीटर सहित प्रदेश में कुल सड़कों की लंबाई 70 हजार 956 किलोमीटर है। साथ ही प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क और मुख्यमंत्री सड़क योजना में लगभग 80 हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण कराया गया है। गत 4 वर्षों में देखें तो मध्यप्रदेश में 23 हजार 394 करोड रुपए की लागत से 10 हजार 195 किलोमीटर नवीन सड़कें और 459 पुलों का निर्माण कर रिकॉर्ड स्थापित किया गया है। वर्तमान में 5022 करोड़ रूपये से 789 वृहद और मध्यम पुल, रेलवे ओवर ब्रिज और फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है ।

प्रदेश में सड़कों सहित अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर नियंत्रण रखना राज्य शासन की पहली प्राथमिकता रही है। स्टेट लेवल क्वालिटी कंट्रोल सेल का गठन कर कार्यपालन यंत्री और अधीक्षण यंत्री स्तर के अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता निर्धारण का दायित्व दिया गया है। रोड और मैनेजमेंट सिस्टम द्वारा राज्य राजमार्ग और एम.डी.आर. मार्गों का 10 हजार किलोमीटर का डाटा संग्रहण भी किया गया है, जो सड़कों के संधारण में महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

सड़कों के निर्माण से प्रदेश के आर्थिक विकास को गति मिल सके, इसके लिए मध्यप्रदेश में दो महत्वाकांक्षी परियोजनाएँ अटल प्रगति-पथ और नर्मदा एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया जाना है। अटल प्रगति-पथ, राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली 404 किलोमीटर लंबी परियोजना है। सरकार की भारतमाला परियोजना का हिस्सा अटल प्रगति-पथ बन जाने से ग्वालियर-चंबल अंचल के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की जीवनदायिनी मां नर्मदा नदी के उद्गम स्थल और गुजरात में प्रवेश के अंतिम बिंदु तक नर्मदा एक्सप्रेस-वे बनाए जाने का महत्वाकांक्षी निर्णय लिया गया है। होरिजेंटल इंडस्ट्रियल बैकबोन के रूप में पहचान बनाने वाले नर्मदा एक्सप्रेस-वे से प्रदेश के 10 जिलों अनूपपुर, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, रायसेन, सीहोर, देवास, इंदौर, धार और झाबुआ जुड़ सकेंगे। इसके दोनों ओर धार्मिक पर्यटन के साथ औद्योगिक गतिविधियों को विकसित किए जाने का लक्ष्य है। राज्य सरकार इन सभी कामों को समय-सीमा में पूर्ण कर प्रदेशवासियों को इनका लाभ दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है। नागरिकों को सुगमता के साथ सुरक्षित यातायात मिल सके, इसी भाव के साथ राज्य सरकार अपनी सड़क परियोजनाओं को अंतिम रूप दे रही है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



# मितान योजना का लोगों को मिल रहा घर बैठे फायदा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** कार्यालय के चक्कर लगाए व बिना एजेंट के घर बैठे पैन कार्ड बनाने की सुविधा महज एक फोन करने से मिलेगी। नगर पालिक निगम रिसाली में 14545 मितान योजना के तहत् पैन कार्ड बनाना शुरू कर दिया है। खास बात है कि निगम क्षेत्र में महज 6 माह में 1832 लोगों ने घर बैठे आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराकर प्रमाण पत्र बनवा चुकें है।




आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि प्रदेश सरकार ने मई 2022 में मितान 14545 योजना शुरू की है। इस योजना के तहत् किसी भी व्यक्ति को कार्यालय आने की जरूरत नही। कोई भी 14545 डायल कर मितान को घर बुलाकर दस्तावेज को स्कैन करा सकता है और निर्धारित अवधि में जन्म-मृत्यु, विवाह, गुमास्ता या फिर अन्य प्रमाण पत्र बनवा सकतें है। आयुक्त आशीष ने बताया कि प्रदेश सरकार ने इस योजना के तहत् लोगों को पैन कार्ड बनाने की सुविधा दी है। कोई भी व्यक्ति जो रिसाली निगम क्षेत्र का निवासी है, वे अपना पैन कार्ड मितान के माध्यम से बनवा सकतें है।

**दस्तावेज सही उपलब्ध कराए:** योजना के नोडल अधिकारी नितीश अमन साहू ने बताया कि कई लोग जानकारी के अभाव में समय पर दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराते। दस्तावेज नहीं होने पर साफ्टवेयर ब्लॉक हो जाता है। इस वजह से नए सिरे से दस्तावेज स्कैन करना पड़ता है। हितग्राही निर्धारित समय पर सभी प्रकार के प्रमाण पत्र आवेदन के लिए ऑन लाइन करते समय दस्तावेज सही उपलब्ध कराए।

**पहले लगाना पड़ता था कतार:** इस सुविधा के बाद लोगों को भीड़भाड़ से छुटकारा मिल गया है। खास कर छोटे बच्चों का आधार कार्ड बनाने के मामले में। आधार कार्ड पहचान पत्र का प्रारूप ले चुका है। उसे अहम दस्तावेज माना जाता है। लोग जन्म प्रमाण पत्र बनाने के बाद आधार कार्ड बनाने बच्चों को लेकर कतार लगाते थे। योजना लागू होने के बाद परिजन अब बच्चों का आधार बनाने मितान को घर बुलाकर दस्तावेज का स्कैन करा रहे है।

**एक नजर अब-तक बने प्रमाण पत्र :** जन्म प्रमाण पत्र-62, मृत्यु प्रमाण पत्र-162, विवाह प्रमाण पत्र-123, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार-7, विवाह प्रमाण पत्र सुधार-1, गोमास्ता लाइसेंस-139, निवास प्रमाण पत्र-300, अनुसूचित जाति, जनजाति प्रमाण पत्र-16, ओबीसी-76 आय प्रमाण पत्र-660, आधार कार्ड पंजीयन (5 वर्ष बच्चों का)-258, आधार कार्ड में मोबाईल नं. अपडेट-481

# राडा ने परिवहन मंत्री अकबर को ऑटो एक्सपो से अवगत कराया

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** आटोमोबाईल डिलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष विवेक गर्ग, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कामर्स के प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी के साथ राडा के सचिव कैलाश खेमानी, कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल एवं जयेश पिथालिया ने परिवहन मंत्री मो.अकबर से सौजन्य मुलाकात करते हुये नव वर्ष की बधाई दी।

साथ ही राडा द्वारा आयोजित ऑटो एक्सपो दिनांक 24 मार्च से 27 मार्च 2023 साइंस कालेज ग्राउण्ड में होने वाले आयोजन की जानकारी दी तथा मंत्री जी को बताया कि इस एक्सपों में शहर के सभी ऑटोमोबाइल डिलर्स जिसमें दो पहिया, चार पहिया, कमर्शियल एवं टेक्टर डीलर्स भाग लेते है, एवं ऑटोमोबाईल व्यवसाय से सम्बन्ध रखने वाले जैसे फायनेंसर, इन्सोरेन्स, ओईल एवं विभिन्न श्रेणियों के 200 से जयादा स्टाल लगते है इस एक्सपों में नवीन वाहनों की प्रदर्शित कर लोगों को नीत नई तकनीक से अवगत कराया जाता है साथ ही नये वाहनों को प्रदर्शित किया जाता है ।

इस चार दिनों के एक्सपो मे लगभग 2.5 लाख से 3 लाख लोग इस ऑटोएक्सपों का अवलोकन करते है। दिल्ली में आयोजित ऑटो एक्सपो के बाद जो कि सम्पूर्ण भारत का किसी भी एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया जाने वाला एक बड़ा ऑटोएक्सपों है, जो की एक भव्य रूप ले चूका है। रायपुर आटोमोबाईल डिलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष श्री विवेक गर्ग एवं प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री महोदय को बताया की ऑटोएक्सपो 2023 जो कि चार दिनों का है इस ऑटो एक्सपों के ब्रोशर का विमोचन माननीय मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा किया गया है एवं मंत्री महोदय को ऑटो एक्सपो 2023 का ब्रोशर देते हुये आयोजन में सम्मलित होने का निवेदन किया। राडा अध्यक्ष ने सरकार द्वारा जो कार्य व् नीतिया बनाई गई है उससे ग्राहकों व् ऑटोमोबाइल व्यवसाईयों को लाभ मिला है उसके लिए राडा आपका तहे दिल से धन्यवाद करते है और सरकार व् परिवहन विभाग के साथ परस्पर सहयोग करके हुये अपना योगदान देते रहेगें ।

## खास खबर

संकुल समन्वयक ललित बिजौरा ने ली संस्था प्रमुखों की बैठक

### शैक्षिक गुणवत्ता, यूडाइस प्रविष्टि सहित विभिन्न अकादमिक बिंदुओं पर हुई चर्चा

**दुर्ग।** संकुल स्त्रोत केंद्र परसदा (कुम्हारी ) के अधीनस्थ शासकीय एवम अशासकीय प्राथमिक , उच्च प्राथमिक , हाई /हायर सेकेंडरी विद्यालय के संस्था प्रमुखों /प्रभारी की संकुल स्तरीय चर्चा बैठक शासकीय उच्च प्राथमिक शाला परसदा में रखी गई । संकुल शैक्षिक समन्वयक ललित कुमार बिजौरा ने संस्था प्रमुखों की बैठक में बच्चों के शैक्षिक गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कक्षावार विषयवार निर्धारित न्यूनतम अधिगम दक्षता प्रत्येक बच्चे प्राप्त करे इस हेतु आवश्यक कार्ययोजना बनाकर कार्य करने प्रेरित किया । इसके अलावा यूडाइस डाटा सत्र 2022--23 की प्रविष्टि के संदर्भ में विस्तार से बताया गया , मासिक चर्चा पत्र को अनिवार्य रूप से डाऊनलोड कर प्रत्येक एजेंडा पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने , सुघ्घर पढ़वईया योजना अंतर्गत किये जा रहे शिक्षण कार्य की समीक्षा , विद्या अमृत महोत्सव द्वारा शिक्षकों और संस्था प्रमुखों को उनके नवाचार शैक्षणिक अभ्यासों के लिए जिला एवम राज्य स्तर पर पहचान और सम्मान दिए जाने के सन्दर्भ में जानकारी , अंगना मा शिक्षा मेला का प्रतिवेदन एवम एक्टिव मदर कम्युनिटी का गठन करने सम्बन्धी जानकारी , पीएफ़एमएस के संदर्भ में जानकारी , नींव कार्यक्रम अंतर्गत भाषा एवम गणित शिक्षण की समीक्षा , सम्पर्क स्मार्ट शाला अंतर्गत गणित , अंग्रेजी शिक्षण पर चर्चा सहित विद्यालय में दिए गए अभ्यास पुस्तिका एवम मुस्कान पुस्तकालय का उपयोग सुनिश्चित करने के साथ साथ विभिन्न अकादमिक बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । बैठक में प्रमुख रूप से सत्येंद्र कुमार यदु , कौशल प्रसाद चौबे , पवन कुमार साहू , जैन कुमार , अविनाश स्वर्णकार , ओमप्रकाश सिंग , श्रीमती पूर्णिमा यादव , सुशील कुमार साहू , दुष्यंत कुमार वर्मा उपस्थित रहे ।

# जिला मुख्यालय में शीघ्र शुरू होगी पीएससी, नीट और आईआईटी की कोचिंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

### कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने समय सीमा की बैठक में दिये निर्देश, कहा कि सबसे अच्छी कोचिंग बच्चों को कराएं ताकि रिजल्ट हो बेहतर

बैंकिंग-रेलवे-एसएससी की कोचिंग की सुविधा सभी ब्लाकों में

दुर्ग। जिला मुख्यालय में शीघ्र ही पीएससी, नीट और आईआईटी की कोचिंग आरंभ हो जाएगी। साथ ही सभी ब्लाक मुख्यालयों में भी बैंकिंग-रेलवे-एसएससी की कोचिंग भी आरंभ होगी। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने इस संबंध में निर्देश समीक्षा बैठक में दिये। उन्होंने कहा कि कोचिंग बढ़िया होनी चाहिए। इसके लिए पूरी गुणवत्ता का ध्यान रखें ताकि रिजल्ट बेहतरीन हो सके।



इसके लिए सभी तरह के संसाधन जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। बच्चों का बेहतरीन करियर सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसे ध्यान में रखते हुए कोचिंग की मुकम्मल व्यवस्था उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही कलेक्टर ने राजीव युवा मितान क्लब की गतिविधियों की समीक्षा भी की।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि इस योजना के माध्यम से युवा ऊर्जा को रचनात्मक रूप दिया जाए। इसके लिए नवाचार करें और ऐसी गतिविधियां करें ताकि युवाओं के मनोरंजन के साथ ही उनका ज्ञानवर्धन हो सके। बैठक में अपर कलेक्टर पद्मिनी भोई, अरविंद एक्का, भिलाई निगम आयुक्त रोहित व्यास, सहायक कलेक्टर लक्ष्मण तिवारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

#### बाजार होंगे व्यवस्थित, व्यापारी एसोसिएशन के साथ मिलकर प्रशासन देगा बेहतर रूप

कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों में बड़े बाजारों को व्यवस्थित करने निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यहां पार्किंग से लेकर सिक्युरिटी तथा साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। इसमें व्यापारिक एसोसिएशन का सहयोग भी लें। जिन बाजारों में व्यापारी एसोसिएशन नहीं हैं वहां ऐसे एसोसिएशन बनाने के लिए व्यापारियों से चर्चा करने निगम आयुक्तों को कहा। कलेक्टर ने कहा कि बाजार जितने व्यवस्थित होंगे, उससे व्यापारियों को भी लाभ होगा और ग्राहकों को भी सुविधा बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि बाजार में पार्किंग जोन होना आवश्यक है।

पब्लिक टायलेट्स हों जिसमें पुरुषों तथा महिलाओं के लिए अलग-अलग टायलेट्स हों। इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने उन्होंने निगम आयुक्तों को कहा। कलेक्टर ने कहा कि सामूहिक भागीदारी से चीजें बहुत बेहतर होंगी। साथ ही साफ-सफाई का मुद्दा भी है। सब्जी बाजारों आदि में कचरा प्रबंधन के लिए विशेष कार्य करने एवं इसकी निरंतर मानिटरिंग की जरूरत है। साथ ही इस संबंध में रेसीडेंशियल वेलफेयर संगठनों से भी चर्चा करते रहना जरूरी है।

#### रीपा का काम जल्दी पूरा करें

कलेक्टर ने रीपा की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि रीपा योजना से रोजगार सृजन की बड़ी संभावनाएं हैं। इसके लिए उद्यमियों से और बेरोजगार युवाओं को आपने तैयार किया है। इसके लिए अधोसंरचना निर्माण तेजी से चल रहा है। इस बीच प्रशिक्षण के लिए या मार्केटिंग के लिए उद्यमियों को तैयार कर लें।

#### सड़कों का रिपेयर जल्द कर लें पूरा

कलेक्टर ने सड़कों के रिपेयर की स्थिति की समीक्षा भी की। उन्होंने सभी सड़कों की मरम्मत तय समय में पूरा कर लेने निर्देश दिये। साथ ही इस संबंध में मानिटरिंग कर रहे नोडल अधिकारियों की रिपोर्ट भी ली। कलेक्टर ने इसके साथ ही पूर्व की समीक्षा बैठक में आये विषयों पर भी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने गौठानों में पैरादान के उपचार के बारे में जानकारी ली और नरवा-गरवा-घुरूवा-बाड़ी तथा राजस्व के प्रकरणों के निपटारे की स्थिति की समीक्षा भी की।

# नक्शा, खसरा, बी-वन मिलना अब हुआ आसान, लोक सेवा गारंटी योजना से खुश है किसान




श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलौदाबाजार।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार शासन-प्रशासन की त्वरित कार्यप्रणाली के कारण लोक सेवा गारंटी अधिनियम का लाभ सहजता से जनसामान्य को मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री बघेल की मंशा के अनुरूप सभी शासकीय कार्यालयों में लोकसेवा गारंटी के तहत अधिसूचित सेवाएं समय-सीमा में उपलब्ध होने से शासन-प्रशासन के प्रति जन विश्वास लगातार बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अधिसूचित नियत समय के भीतर छत्तीसगढ़ राज्य में लोक सेवा प्राप्त करने का अधिकार दिया गया है। बलौदाबाजार भाटापारा जिले में विगत चार वर्षों में 6 लाख 75 हजार 737 प्रकरण निराकृत हुए हैं।जिले में अब तक विभिन्न विभागों से लगभग 82 विषयों से संबंधित कुल 7 लाख 49 हजार 218 आवेदन मिले थे। जिसमें से 6 लाख 75 हजार 737 आवेदन समय सीमा में निराकृत किए गए। इसमें से कुछ वापस हुए और कुछ दस्तावेजों की कमी के कारण निरस्त हुए।

जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें से सबसे ज्यादा आय प्रमाण पत्र के 2,96,886आवेदन, मूल निवास प्रमाण पत्र के 1,45,172 आवेदन, अन्य पिछड़ वर्ग प्रमाण पत्र के 81,417 आवेदन निराकृत किए गए। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र के 48,451 इसी प्रकार भुइयां से नकल (भूमि दस्तावेज आदि) हेतु 54,671 एवं जन्म पंजीकरण एवं प्रमाण पत्र के 4221 निराकृत किए गए।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन की धारणा को ध्यान में रख कर नागरिकों को सेवाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न विभागों में ई-डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट की परिकल्पना कर उसे राज्य में लागू किया गया है। यह जिला प्रशासन की आंतरिक प्रक्रियाओं के स्वचालन के रूप में की गई है जो जिलों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह जिला प्रशासन के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक वर्कफ्लो प्रणाली बनाने में मदद कर रही है।

## सात दिन के भीतर वन अधिकार पत्रों के लंबित आवेदनों का किया जाए निराकरण : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कलेक्टर झा ने आज आयोजित समय सीमा की समीक्षा बैठक में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र के लंबित आवेदनों का सात दिन के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वन अधिकार पत्र बनाने की धीमी प्रगति और अधिक संख्या में लंबित आवेदनों की जानकारी होने पर नाराजगी जताई। कलेक्टर झा ने विकासखण्डवार लंबित आवेदनों की जानकारी लेकर तेजी से आवेदनों के निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव, बीटगार्ड एवं सरपंचों से लंबित आवेदनों की सूची लेकर ग्राम सभा के माध्यम से सत्यापन कराकर वन अधिकार पत्रों के आवेदनों का निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

साथ ही इस कार्य की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश आदिवासी विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर झा ने समय सीमा की समीक्षा बैठक में स्कूली छात्र-छात्राओं के बनाये जा रहे जाति प्रमाण पत्रों के प्रगति की जनपद वार समीक्षा की। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र बनाने की धीमी गति पर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने जाति प्रमाण पत्र निर्माण के कार्य को गंभीरता पूर्वक नहीं करने पर जिले के सभी सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की सैलरी रोकने के निर्देश जिला कोषालय अधिकारी को दिए। साथ ही शासकीय कार्य में लापरवाही एवं अनुशासनहीनता की प्रतिकूल प्रविष्टि सेवा पुस्तिका में करने के भी निर्देश दिए।

## मतवारी प्राथमिक शाला में अंगना मा शिक्षा मेला का आयोजन हुआ

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना अंगना मा शिक्षा मेला का आयोजन शास. प्राथ. शाला मतवारी में संपन्न हुआ ।इस कार्यक्रम में कक्षा 1 से 5 तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों की माताओं का आगमन शाला में हुआ ।कार्यक्रम में बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया व सबसे सक्रिय तथा नेतृत्व क्षमता वाली माता श्रीमती कौशल्या साहू का चयन स्मार्ट माता के रूप में किया गया ।इस कार्यक्रम में उदबोधन प्राचार्य बी के गान , शिक्षा कार्यक्रम के महत्व को बताते हुए किया गया।









## खास खबर...

### छह सिंचाई योजनाओं के लिए 19.48 करोड़ रुपए स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदश की छह विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को कराने के लिए 19 करोड़ 48 लाख 98 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। योजना के पूरा होने से 995 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। स्वीकृत सिंचाई योजना में गौरेला केंवची व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य के सुदृढ़ीकरण एवं नहरों में सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग कार्य के लिए दो करोड़ 70 लाख 45 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। योजना के पूरा होने से 98 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। इसी तरह गौरेला की तिपान नदी व्यपवर्तन के नहरों का सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग कार्य के लिए तीन करोड़ 65 लाख 40 हजार रुपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 350 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। सेंदरीपानी जलाशय योजना के शीर्ष कार्य का सुदृढ़ीकरण एवं नहरों में सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग कार्य के लिए दो करोड़ 82 लाख 69 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। योजना के पूरा होने से 249 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। बिलासपुर जिले के पकरिया जलाशय योजना के शीर्ष कार्य का सुदृढ़ीकरण एवं नहरों में शेष सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग कार्य के लिए तीन करोड़ 47 लाख 10 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। योजना के पूरा होने से 298 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। इसी तरह से जल संसाधन कालोनी पेण्ड्रारोड परिसर स्थित कार्यालय भवन एवं आवासी भवन का नवीनीकरण कार्य एवं सीमेंट कांक्रीट सड़क नाली निर्माण तथा नवीन विद्युत वायरिंग कार्य के लिए तीन करोड़ 85 लाख 19 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। बिलासपुर स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय, कुदुदण्ड, नूतन, सकरी आवासीय परिसर का जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य एवं उप संभागीय कार्यालय के भवन निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 98 लाख 15 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

### छत्तीसगढ़िया ओलंपिकः राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 8 से 10 जनवरी तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2022-23 का राज्य स्तरीय आयोजन अब 08 जनवरी से 10 जनवरी 2023 तक राजधानी रायपुर के विभिन्न खेल मैदानों के साथ-साथ इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया आलंपिक का उद्घाटन समारोह 08 जनवरी को प्रातः 11 बजे से सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में होगा। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के सभी 14 खेल विधाओं की प्रतियोगिता सरदार बलबीर सिंह जुनेजा स्टेडियम, आउटडोर स्टेडियम बुढ़ापारा, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय खेल परिसर और स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में आयोजित किए जाएंगे।

उद्घाटन समारोह और समापन समारोह में प्रतिभागियों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाऐंगे। समापन समारोह में आकर्षक आतिशबाजी भी की जाएगी। समापन समारोह का आयोजन स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा-रायपुर में 10 जनवरी की शाम में किया जाएगा। गौरतलब है कि पूर्व में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए 07 जनवरी से 09 जनवरी की तिथि निर्धारित की गई थी जिसे बदल कर 8 से 10 जनवरी कर दिया गया है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा वर्ष 2023ः कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 31 जनवरी

29 अप्रैल को होगी चयन परीक्षा

**रायपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा वर्ष 2023 कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन 1 जनवरी से प्रारंभ हो चुका है। ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है। जवाहर नवोदय विद्यालय माना के प्राचार्य ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर एवं अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे को पत्र के माध्यम से गत् वर्ष से अधिक पंजीयन कराने जिलाशिक्षा अधिकारी को निर्देशित करने का आग्रह किया है। ताकि जिले में अध्ययनरत कक्षा पांचवी के समस्त विद्यार्थी अंतिम तिथि से पूर्व ऑनलाइन फॉर्म भर सके एवं पंजीयन के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम के लिए ब्लॉक स्तर पर प्राचार्यो की बैठक लेने कलेक्टर ने डीईओ को दिए निर्देश

# सभी अधिकारी समन्वय से काम कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से नागरिकों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करेंः कलेक्टर भूरे

### समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई

### कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को समन्वय से काम करने कहा



**रायपुर ( ए )।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी समन्वय से काम कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से नागरिकों को समय पर लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि ब्लॉक स्तर पर प्राचार्यो की बैठक लेकर बोर्ड परीक्षाओ के बेहतर परिणाम के लिए व्यापक मंथन किया जाए। उन्होंने खनिज अधिकारी से जिले में अवैध रूप से रेत, मुरूम, गिट्टी के खनन और परिवहन पर सख्त कार्रवाई करने कहा। उन्होंने अवैध रूप से संचालित किसी भी खदान से रेत, गिट्टी, मुरूम खोदने और उनके अवैध परिवहन पर संचालको के विरूद्ध पुलिस थानों में प्रकरण दर्ज कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश छिकारा, नगर निगम रायपुर के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, सहायक कलेक्टर जयंत नहाटा, अतिरिक्त कलेक्टर एन.आर.साहू, अपर कलेक्टर बी.बी.पंचभाई एवं बी.सी.साहू, सभी एस.डी.एम तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ. भुरे ने छत्तीसगढिया ओलंपिक की तैयारी की जानकारी लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को समन्वय से काम करते हुए कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उन्होंने राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं-स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, सुपोषण अभियान, बिजली बिल हॉफ, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, राशन कार्ड, राजीव गांधी आश्रय पट्टा योजना, गोधन न्याय योजना, धान खरीदी सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आगामी समय में मुख्यमंत्री द्वारा जिले में भेंट-मुलाकात का कार्यक्रम प्रस्तावित है। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी अधिकारी (राजस्व) से कहा कि अपने अनुविभाग के अधिकारियों की बैठक लें, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हो। जिससे कि विभिन्न विभागों की समस्याओं का निराकरण समन्वय से हो सके। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों से उनके विभाग में संचालित कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सभी पात्र हितग्राहियों के राशन कार्ड बनाने और सामाजिक सुरक्षा पेंशन मंजुर करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने जनचौपाल और लोकसेवा गांरटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने अधिकारियों को निर्देशित किए।

# जनचौपाल का असरः अब सालिकराम बेंच सकेंगे अपना पूरा सौ क्विंटल धान

### कलेक्टर के निर्देश पर तीन घण्टे में सुधरी बेचने के लिए निर्धारित धान की मात्रा

**रायपुर ( ए )।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर आमजनों की छोटी-बड़ी समस्याओं को जल्द सुलझाने के लिए शुरू हुए जनचौपाल कार्यक्रम का असर एक बार फिर दिखा है। आरंग विकासखण्ड के चकवे गांव के किसान की धान बेंचने में आ रही कठिनाई तीन घंटे में ही सुलझ गई है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे के निर्देश पर किसान सालिक राम साहू के दर्ज रिकॉर्ड में तीन घण्टे में ही रकबे के हिसाब से बेंची जाने वाली धान की मात्रा का सुधार कर दिया गया। अब साहू अपनी मेहनत से उगाये गये धान की पूरी मात्रा समर्थन मूल्य पर बेंच सकेंगे। दरअसल किसान सालिक राम साहू ने टोकन तुहंर हाथ मोबाईल एप्प में धान बेचने के लिए मात्रा की एंट्री करते समय गलती कर दी थी। सालिक राम का कुल रकबा लगभग साढ़े तीन हेक्टेयर था। इस हिसाब से वह अपनी भूमि पर उपजाई लगभग 130 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर सहकारी समिति कोसरंगी में बेंच सकते थे परन्तु सालिक राम ने मोबाईल एप्प में टोकन के लिए एंट्री करते समय गलती से 22-22 क्विंटल की तीन एंट्रियां कर दी थी। निर्धारित दो तिथियों पर किसान ने 22-22 क्विंटल के हिसाब से 44 क्विंटल धान बेंच दिया था। सालिक राम ने 4 जनवरी के लिए तीसरा टोकन गलती से 22 क्विंटल का ही कटा लिया था। सालिक राम के पास अभी भी लगभग 57 क्विंटल धान घर में शेष था। अपनी गलती का एहसास होते ही सालिक राम ने आज कलेक्टर डॉ.सर्वेश्वर भुरे को रकबे के हिसाब से बेंचे जाने वाले धान की मात्रा बढ़ाने के लिए जनचौपाल में आवेदन दिया था। कलेक्टर ने सालिक राम की समस्या को देखते हुए तत्काल मात्रा सुधार के लिए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ को निर्देशित किया था। कलेक्टर के निर्देश पर तीन घण्टे में ही सालिक राम के रिकॉर्ड में ऑनलाईन सुधार कर दिया गया और इसकी सूचना भी उन्हें मोबाईल पर दे दी गई। अब कल 4 जनवरी को अपनी बारी आने पर सालिक राम कोसरंगी धान उपार्जन केन्द्र में अपना बाकी बचा पूरा 57 क्विंटल धान बिना किसी परेशानी के समर्थन मूल्य पर बेंच सकेंगे। अपनी समस्या के समाधान के लिए सालिक राम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कलेक्टर डॉ. भुरे और जिला सहकारी बैंक के अधिकारियों का आभार जताया है।

# सीएम के वादे पर 48 घंटे में हुआ अमल, पत्रकारों ने सीएम और कलेक्टर का किया आभार प्रकट



**रायपुर ( ए )।** रायपुर प्रेस क्लब में चुनावों की मांग लंबे वक्त से मांग की जा रही थी। खासकर पिछले एक महीने में कनिष्ट से लेकर वरिष्ठ पत्रकार सक्रीय थे और करीब साढ़े तीन साल से अटकी चुनावी प्रक्रिया में तेजी लाने मांग सरकार और प्रशासन से कर रहे थे। जिसके बाद 3 जनवरी 2023 को प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर बीसी साहू को चुनाव अधिकारी न्युक्त कर दिया गया है। चुनावी प्रक्रिया शुरू होते ही समस्त पत्रकारों में खुशी का माहौल है और उन्होने सीएम भूपेश बघेल और रायपुर कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे का आभार प्रकट किया है। आपको बता दें कि चुनावी प्रक्रिया को लेकर करीब डेढ़ साल पहले एडहाक कमेटी के निर्देशन में वरिष्ठ पत्रकार सुकांत राजपूत की याचिका पर हाईकोर्ट ने चुनाव कराने के आदेश दिये थे। इसके बावजूद करी डेढ़ साल से ये प्रक्रिया ठंडे बस्ते में पड़ी हुई थी। रुकी हुई इस प्रक्रिया को दोबारा शुरू कराने के लिए प्रेस क्लब के पत्रकार 29 नवंबर और फिर 22 दिसंबर को कलेक्टर से मुलाकात कर चुके थे, लेकिन इसके बावजूद प्रक्रिया शिथिल हो रही थी। इसको लेकर आखिर एडहाक कमेटी समनवयक सुकांत राजपूत सहित कई पत्रकारों ने नए वर्ष पर सीएम भूपेश बघेल से पुलिस ग्राउंड में मुलाकात की, जहां सीएम ने जल्द चुनाव कराने और प्रेस क्लब के सदस्यों के हित में कई बड़े काम करने का वादा पत्रकारों से किया। अब सीएम भूपेश के वादे के महज 48 घंटे के भीतर ही कलेक्ट्रेड से निर्वाचन अधिकारी की न्युक्ति आदेश जारी हुए हैं।

# सोनमती ने लिखी आत्मनिर्भरता की नई कहानी मशरुम की खेती कर कमाए 7 लाख रुपये

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** हौसले और हुनर को निखरने के लिए अवसर की तलाश होती है। छत्तीसगढ़ की मेहनती महिलाओं को ऐसा ही अवसर गौठानों में बनाए गए मल्टीएक्टिविटी सेंटर दे रहे हैं। इससे वे आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिख रही हैं। इन्हीं में से बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के ग्राम बसन्तपुर के गौठान में संचालित सामुदायिक बाड़ी में काम करने वाली आकाश महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य सोनमती कुशवाहा भी हैं, जिन्होंने मशरूम उत्पादन कर पिछले 3 वर्षों में 7 लाख रुपये कमाए हैं। इससे उनमें न सिर्फ आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि वह परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा कर पाने में सक्षम हो गई हैं।



गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा हमेशा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की रही है। इसके लिए गौठानों को मल्टीएक्टिविटी सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका संवर्धन के लिए प्रशिक्षण दे कर स्वावलंबन की राह बताई जा रही है। इसी कड़ी में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में महिला समूहों को उद्यान विभाग द्वारा प्रशिक्षण, मार्गदर्शन देकर मशरूम उत्पादन हेतु निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। विभाग द्वारा मशरूम की खेती के लिए आवश्यक सामग्री जैसे- बीज, पॉलीथीन बैग्स, चाक पाउडर भी महिलाओं को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे बसन्तपुर गौठान के सामुदायिक बाड़ी में कार्यरत आकाश महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं भी अब मशरूम की खेती, मधुमक्खी पालन और कश्मीरी मिर्च का उत्पादन कर स्वावलंबी बन रही हैं।

आकाश महिला समूह की सदस्य सोनमती कुशवाहा बताती हैं कि पहले वे सामान्य खेती-बाड़ी करके जीवन यापन करती थीं। इससे उन्हें परिवार के पालन-पोषण, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का खर्च वहन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महत्वाकांक्षी सुराजी ग्राम योजना के तहत बसन्तपुर में गौठान खुला और बिहान के माध्यम से जुड़ने का मौका मिला। इसके बाद गौठान में उन्हें उद्यान विभाग द्वारा मशरूम उत्पादन, कश्मीरी मिर्च की खेती, मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण दिया गया।

### समूह से लोन लेकर घर पर ही शुरू की मशरूम खेती

सोनमती कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने समूह से 60 हजार रुपये का लोन लेकर घर पर ही मशरूम की खेती की और शुरुआती दौर में ही 2 लाख रुपये की आमदनी हुई। इससे उनके हौसले को नई उड़ान मिली। इसके बाद उन्होंने मधुमक्खी पालन और कश्मीरी मिर्च की खेती का कार्य भी प्रारंभ किया और मधुमक्खी पालन से उन्होंने 60 किलोग्राम शहद का उत्पादन कर 70 हजार रूपए आर्थिक आमदनी प्राप्त की। श्रीमती कुशवाहा ने बताया कि मशरूम की खेती से प्रतिदिन 20 से 30 किलो मशरूम का उत्पादन हो रहा है, जिसे बेचकर विगत 3 वर्षों में 7 लाख रुपये की आय अर्जित की हैं तथा अपने परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा कर रही हैं।

# रायपुर में पहली बार आयोजित होने जा रहा है पेंशनरों का राष्ट्रिय अधिवेशन

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का त्रैवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन रायपुर में 5 व 6 जनवरी को

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर में पहली बार भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 2023 का आयोजन किया जा रहा है। जो 05 और 06 जनवरी को रामस्वरूप दास निरंजन लाल धर्मशाला, वीआईपी रोड़ में आयोजित होगा। इसमें देश भर के 22 राज्यों के पेंशनर्स प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फैडरेशन के पूर्व संयोजक एवं संरक्षक सुभाष मिश्रा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के अध्यक्ष सीएच सुरेश, केरल करेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन सुबह 11 बजे मुख्य अतिथि के द्वारा किया जाएगा। राष्ट्रीय भारतीय पेंशनर्स महासंघ महामंत्री वीरेंद्र नामदेव और प्रदेश अध्यक्ष जेपी मिश्रा ने बताया कि इस अधिवेशन में देशभर के पेंशनर्स शामिल होंगे। जो पेंशनर्स महासंघ के 14 प्रमुख मांगो पर चर्चा किया जाएगा। इसमें जिन मुद्दों पर सभी कीसहमति होगी। वह केंद्र और राज्य शासन को भेजा जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष पूरन सिंह पटेल ने बताया कि 6 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष का भी चुनाव किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पेंशनर्स का यह तीसरा अधिवेशन है जो छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जा रहा है इससे पहले अलग-अलग राज्यों में यह अधिवेशन संपन्न हुआ था

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# परेशान कर रहा है आपको गर्दन का दर्द ये 8 योगासन दिलाएंगे इससे छुटकारा



आजकल के दौर में डेस्क जॉब बहुत बढ़ गई हैं जहां कई घंटों लगातार कंप्यूटर या लैपटॉप पर काम करना पड़ता हैं। इस दौरान लंबे समय तक बैठे रहने, सही बॉडी पोश्चर ना होने जैसे कारणों की वजह से गर्दन दर्द की समस्या होने लगती हैं। कई लोग इस गर्दन दर्द को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन यह बढ़कर विक्राल रूप ले सकती हैं। ऐसे में आपको समय रहते समझदारी दिखाते हुए गर्दन दर्द को ठीक करने के प्रयास करने चाहिए। ऐसे में आप योगासन की मदद भी ले सकते हैं जिनके नियमित अभ्यास से नसों का तनाव कम होता हैं और दर्द में आराम मिलता हैं। यहां हम आपको ऐसे कुछ योग बताने जा रहे हैं जो गर्दन दर्द में आराम दिलाने का काम करेंगे। आइये जानते हैं इन योगासन के बारे में...

## कुर्मासन

टर्टल पोज करने के लिए सबसे पहले अपने पेट के बल योगा मैट पर लेट जाएं। अपने हाथों को अपने कूल्हों के नीचे रखें और इन्हें जमीन में मजबूती से लगाएं। अपने सिर को जमीन से ऊपर उठाएं, इसे अपनी कोहनी पर टिकाएं। इस मुद्रा को पूरा करने के लिए अपनी ठुड्डी को अपनी छाती से लगाएं। अपनी गर्दन और कंधों की मांसपेशियों को आराम देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस स्थिति में 20 सेकंड के लिए रहें।

## मार्गरी आसन

इस योग मुद्रा को करने के लिए कलाई कंधे के नीचे और घुटने कूल्हों के नीचे होते हैं। सभी चौकों पर समान रूप से संतुलन बनाने के साथ ऊपर देखते हुए, श्वास लें और पेट को फर्श की ओर आने दें। सांस छोड़ते हुए ठुड्डी को छाती से स्पर्श करें और नाभि को रीढ़ की ओर खींचे। इस आसन को दोहराएं। यह आसन गर्दन और कंधों को मजबूत करता है।

## कोबरा मुद्रा

इस मुद्रा में आने के लिए सबसे पहले फर्श पर मुंह के बल लेट जाएं। अपने हाथों को सीधे अपने कंधों के नीचे रखें, हथेलियां नीचे की ओर हों और उंगलियां आगे की ओर हों। अपने शरीर को तब तक ऊपर की ओर धकेलें जब तक कि ये सिर से पैर तक एक सीधी रेखा में न आ जाए। अगरआप सक्षम हैं तो 30 सेकंड से एक मिनट या इससे अधिक समय तक रुकें।

## बालासन

घुटने के बल जमीन पर बैठ जाएं और शरीर का सारा भार एड़ियों पर डालें। गहरी सांस लेते हुए आगे की ओर झुकें। आपका सीना जांघों से छूना चाहिए और अपने माथे से फर्श को छूने की कोशिश करें। कुछ सेकंड इस अवस्था में रहें और वापस उसी अवस्था में आ जाएं। इस आसन से केवल गर्दन और पीठ के दर्द से ही आराम नहीं मिलता बल्कि मन भी शांत होता है। यह आसन कूल्हों, जांघों और पिंडलियों को लचीला बनाकर ताजगी का अहसास कराता है। यह गर्दन, पीठ और रीढ़ को आराम देता है और कंधों पर तनाव कम करता है।

## वीरभद्रासन

आप वीरभद्रासन का सहारा ले सकते हैं। इस योग को करने से भी कंधे और गर्दन को दूर करने में मदद मिलती है। वीरभद्रासन तीन प्रकार के होते हैं। इनमें पहली मुद्रा को करने से कंधे और गर्दन के दर्द से छुटकारा मिलता है। इसके लिए सबसे पहले ताड़ासन मुद्रा में आ जाएं। अब अपने दोनों हाथों को धड़ की सीध में ऊपर उठाएं। इस दौरान अपना ध्यान हाथों पर रखें। इसके बाद अपने दाहिने पैर को आगे करें। इस अवस्था में कुछ देर तक रहें। इसके बाद पुन: पहली अवस्था में आ जाएं।

## नटराज आसन

अपनी पीठ को सीधे रखते हुए ज़मीन पर लेट जाएँ। धीरे से अपने सीधे पैर को उठा कर बाएं पैर के उपर ले आएँ। बायां पैर सीधा ही रखें। ध्यान रहे कि दाहिना पैर ज़मीन पर एक सीधा कोण बनाए। अपने दोनों हाथों को शरीर के दाहिने और बाएं तरफ फैला कर रखें। चेहरे को दाहिनी तरफ मोड़ लें। कुछ गहरी लंबी श्वास लें और छोड़ें और इसी मुद्रा में तीस सेकंड्स तक स्थिर रहें।बाएँ पैर से इसी आसन की पुनरावृति करें। यह आपकी मांसपेशियों को तो लचीला बनाती ही है साथ ही आपको पूर्णता और आनंद का अनुभव कराती है। यह शिव के नृत्य की मुद्रा है। शिव तत्व को अपने भीतर व चारों ओर महसूस करें।

## सलंब भुजंगासन

अपने कंधों के नीचे अपनी कोहनी के साथ अपने पेट के बल लेट जाएं, अपनी हथेलियों और फोरआर्म्स को दबाएं। अपने ऊपरी धड़ और सिर को ऊपर उठाते हुए अपनी पीठ के निचले हिस्से, नितंबों और जांघों को सहारा देने के लिए कस लें। अपनी आंखों को सीधे आगे रखें और सुनिश्चित करें कि आप अपनी रीढ़ को लंबा कर रहे हैं। इस मुद्रा में 2 मिनट तक रहें।

## बीतिलीआसन

अपनी पिंडलियों को ज़मीन पर रखें और बाकी शरीर को टेबल टॉप मुद्रा में रखें, यानि कि अपनी जांघों, धड़ और हाथों की सहायता से एक मेज़ का रूप धारण करें। अपने घुटने और कूल्हों को एक ही लाइन में रखें। अपनी कमर, कोहनियों तथा कंधों को भी एक लाइन में ज़मीन से सटा कर रखें। आपका धड़ ज़मीन के समानांतर हो। इस मुद्रा में रहते हुए सांस भरें और अपने पेट को ज़मीन की तरफ अंदर खींचें। अब अपने सिर को उपर की तरफ उठाएं। इसी मुद्रा में थोड़ी देर तक रहें और फिर मार्जरिआसन में आ जाएं।

# श्रिया पिलगांवकर ने भुवन बाम के यूट्यूबर से अभिनेता बनने तक के सफर की खूब तारीफ की



अपने स्ट्रीमिंग शो 'ताजा खबर' की रिलीज का इंतजार कर रहीं अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर अपने सह-कलाकार यूट्यूबर भुवन बाम के डिजिटल सुपरस्टार के रूप में उभरने से खुश हैं। भुवन, जिन्होंने यूट्यूब पर अपने प्रासंगिक वीडियो के साथ देश को प्रभावित किया, 'ताजा खबर' में एक सफाई कर्मचारी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अभिनेत्री ने भुवन की यात्रा पर टिप्पणी करते हुए कहा, भुवन की यात्रा और विकास को देखना अविश्वसनीय है। वह वास्तव में एक अद्भुत व्यक्ति हैं और उनके साथ काम करना परम आनंद की बात है। मैं उनकी कड़ी मेहनत और जुनून को देख सकती हूं, जिसके साथ उन्होंने इस चरित्र से संपर्क किया।

उन्होंने आगे कहा, उन्होंने वस्या के रूप में एक उत्कृष्ट काम किया है और मधु-वस्या की केमिस्ट्री वास्तव में खास बन गई है। हम शूटिंग की प्रक्रिया के माध्यम से एक-दूसरे को ठीक से जान पाए और अब हम अच्छे दोस्त हैं। मुझे लगता है कि लोग हमारी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री का आनंद लेने जा रहे हैं। सामान्य तौर पर इस कास्ट और क्रू के साथ काम करना मजेदार रहा है। उन्होंने आगे बताया कि शो की कहानी कैसे कुशलता से माता-पिता-बच्चे के प्यार और रोमांटिक पार्टनर के बीच प्यार को दर्शाती है। श्रिया ने कहा, कहानी खूबसूरती से माता-पिता और उनके बच्चे के साथ-साथ 2 प्रेमियों के बीच के रिश्ते की पड़ताल करती है। और हमारे शो का संगीत शानदार अनुभूति देता है। मुझे यकीन है कि दर्शकों को देखने में उतना ही मजा आएगा, जितना हमें शो बनाने में आया है। बीबी की वाइन्स प्रोडक्शंस के तहत रोहित राज और भुवन बाम द्वारा निर्मित और हिमांक गौड़ द्वारा निर्देशित यह सीरीज 6 जनवरी, 2023 को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

# प्लाजो जंपसूट को स्टाइल करने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके



ट्रेंडिंग आउटफिट्स में से एक प्लाजो जंपसूट सभी बॉडीशेप और साइज पर बहुत अच्छे लगते हैं और कभी भी फैशन से बाहर नहीं होते हैं। अच्छी बात है कि यह आउटफिट आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश लुक भी देता है। अगर आप इसे अलग-अलग तरह से स्टाइल करना चाहती हैं तो ऐसा करना भी आसान है। सीनियर डिजाइनर वंदना शर्मा ने प्लाजो जंपसूट को स्टाइल करने के पांच तरीके साझा किए।

## प्लाजो जंपसूट की हेमलाइन पर दें ध्यान

अगर आप सही फिटिंग चाहती हैं तो प्लाजो जंपसूट खरीदते समय ध्यान रखें कि इसकी हेमलाइन आपकी लंबाई के अनुसार सही हो। यह आपके पैर की उंगलियों के आसपास नहीं होनी चाहिए और न ही यह आपके टखनों के ऊपर होनी चाहिए। प्लाजो जंपसूट हेमलाइन आपके पैरों तक होनी चाहिए। इससे आपके पैरों के पास फ्लेयर आएगा, जो दिखने में काफी अच्छा लगता है।

## प्लाजो जंपसूट पर लगाएं बेल्ट

अगर आप एक एक फिट और फॉर्मल लुक चाहती हैं तो ऐसा प्लाजो जंपसूट चुनें, जो आपकी कमर को उभारने के लिए उसी रंग के कपड़े की बेल्ट के साथ आता हो। इसके अतिरिक्त आप चाहें तो अपने प्लाजो जंपसूट को पहनने के बाद अपनी कमर को फ्लॉन्ट करने के लिए भी बेल्ट लगा सकती हैं। न्यूट्रल कलर के प्लाजो जंपसूट पर गोल्डन या ब्लैक बेल्ट लगाना बेहतरीन रहेगा।

## जैकेट या ब्लेजर के साथ पहनें


जैकेट या ब्लेजर के साथ प्लाजो जंपसूट को स्टाइल करने से आपको ग्लैमरस और एलिगेंट लुक मिलेगा। अभी सर्दी का मौसम है तो प्लाजो जंपसूट पर जैकेट या ब्लेजर पहनने से शरीर को गर्माहट भी मिल सकती है। कूल लुक के लिए आप न्यूट्रल या डेनिम जैकेट पहन सकती हैं, वहीं फॉर्मल लुक के लिए प्लाजो जंपसूट पर न्यूड ब्लेजर पहनना सही रहेगा।

## स्कार्फ के साथ पहनें

कैजुअल और सुपर-कूल लुक के लिए सिल्क और विंटेज स्कार्फ के साथ अपने प्लाजो जंपसूट को स्टाइल करें। हालांकि, अगर आप सीक्वेंस प्लाजो जंपसूट पहनने वाली हैं तो उसके साथ प्रिंट वाला स्कार्फ चुनें। अगर आपका प्लाजो जंपसूट न्यूट्रल रंग का है या उस पर कुछ प्रिंट हैं तो एक गहरे रंग का स्कार्फ चुनें। अपने इस लुक को मेटैलिक इयररिंग्स और सिंपल ब्रेसलेट से पूरा करें।

## प्लाजो जंपसूट के साथ सही फुटवियर चुनें

अपने प्लाजो जंपसूट को स्टाइल करते समय आप जो फुटवियर चुनती हैं, वह वास्तव में आपके लुक को बना या बिगाड़ सकता है। फ्लैट्स की बजाय हाई हील्स फुटवियर चुनें क्योंकि ये लुक को ज्यादा स्टाइलिश बनाते हैं। अधिक ग्लैमरस लुक के लिए आप न्यूट्रल रंग के ब्लॉक हील सैंडल या स्लीक पंप चुन सकती हैं। पेंसिल हील्स, एंकल स्ट्रैप्स के साथ स्टिलेटोज और पीप-टोज भी इसके साथ बहुत अच्छे लगते हैं।



# मोतियों से बनी आउटफिट में अप्सरा सी दिखीं नोरा फतेही

एक्ट्रेस नोरा फतेही अपने किलर अंदाज से फैंस पर कहर बरपाने का हुनर बखूबी जानती हैं। बोल्डनेस हो या फिर डांसिंग आइटम नोरा फतेही अपनी अदाओं से फैंस को अपना दीवाना बना ही लेती हैं। वहीं, उनकी स्टनिंग तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं। एक्ट्रेस नोरा फतेही ने व्हाइट कलर के आउटफिट में अपनी डेसिंग तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस नोरा फतेही इस लुक में एक अप्सरा सी नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। व्हाइट कलर के मोतियों से बने हार, चोली और कमरबंद में एक्ट्रेस नोरा फतेही गजब की बला लग रही हैं। एक्ट्रेस नोरा फतेही थाई हाई स्लिट आउटफिट के साथ अपनी ग्लैमरस अदाओं से फैंस को अपना दीवाना बना रही हैं। ओपन हेयर स्टाइल और लाइट मेकअप में नोरा फतेही किसी महारानी से कम नहीं लग रही हैं। नोरा फतेही ने इस व्हाइट कलर के पर्ल लुक में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। नोरा फतेही अपने बोल्ड लुक से फैंस को अपना दीवाना बखूबी जानती हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। नोरा फतेही बॉलीवुड फिल्मों में आइटम नंबर के अलावा एक्टिंग भी कर चुकी हैं। नोरा फतेही एबीसीडी, भुज द प्राइड ऑफ इंडिया, सत्यमेव जयते 2, थैंक्स गॉड में नजर आ चुकी हैं।

# पोषक तत्वों का भंडार हैं हरी मटर, खाने से मिलते हैं ये फायदे

ठंड का मौसम दस्तक देने लगा है और इसी के साथ कुछ ऐसी सब्जियां भी आने लगी हैं, जिन्हें खाने के लिए हम सर्दियों का इंतजार करते रहते हैं। ऐसी ही एक सब्जी है मटर। मोती के जैसे छोटे-छोटे दानों वाला ये मटर ठंड के मौसम की सबसे खास सब्जी है, हालांकि बहुत से लोग मटर खाना पसंद नहीं करते, लेकिन एक्सपर्ट्स के मुताबिक आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। कुछ डिशेज ऐसी हैं, जो मटर के बिना अधूरी हैं। फिर चाहे हम बात करें पुलाव की या फिर वेज बिरयानी और मटर-पनीर की। इन व्यंजनों का स्वाद बढ़ाने के लिए थोड़े-से मटर ही काफी हैं। एक तरफ इनका स्वाद लाजवाब है, तो वहीं दूसरी तरफ इनके आयुर्वेदिक गुण भी अनगिनत हैं। मटर में ऐसे कई पोषक तत्व हैं, जो गंभीर से गंभीर बीमारियों से बचाव करने में सक्षम हो सकते हैं।

## वजन घटाने में मददगार

मटर खाने के फायदे में वजन घटाना भी शामिल है। कारण यह है, कि इसमें काफी प्रचुर मात्रा में फाइबर पाया जाता है। साथ ही इसमें कैलोरी की मात्रा काफी कम होती है। इसलिए, इसके उपयोग से पेट जल्दी भरता है और जल्दी भूख का एहसास भी नहीं होता। इस तरह इसका इस्तेमाल आपको मोटापे से छुटकारा पाने में मददगार साबित हो सकता है।

## कैंसर में फायदेमंद

विशेषज्ञों के मुताबिक, मटर में एंटीऑक्सीडेंट के साथ कई ऐसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जिनमें कैंसर से बचाव करने के गुण पाए जाते हैं। इस कारण मटर खाने के फायदे में कैंसर की समस्या से बचाव भी शामिल किया जा सकता है।

## दिल का रखे ख्याल

विशेषज्ञों के मुताबिक, मटर में कई खास तत्व पाए जाते हैं, जो हृदय संबंधी विकारों को दूर करने में सक्षम होते हैं। साथ ही, उनमें खून को साफ करने का भी अद्भुत गुण पाया जाता है। इस कारण ऐसा माना जा सकता है, कि मटर के लाभ में दिल से संबंधित बीमारियों को नियंत्रित करना भी शामिल है ।

## स्किन बनाए हेल्दी

मटर में स्किन फ्रेंडली पोषक तत्व होते हैं, जिनमें



विटामिन बी 6, सी और फोलेट (फोलिक एसिड) शामिल हैं। वो कहती हैं, ये पोषक तत्व इन्फ्लेमेशन और फ्री रैडिकल डैमेज को कम करने में मदद कर सकते हैं जो स्किन से कोलेजन और इलास्टिन-प्रोटीन के प्राकृतिक भंडार को खत्म कर देता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि मटर में मौजूद फ्लेवोनॉइड्स, कैटेचिन, एपिकेटचिन, कैरोटेनॉयड और अल्फा-कैरोटीन भी एंटी-एजिंग असर के लिए जाने जाते हैं।

## प्रोटीन का एक अच्छा स्रोत

मटर को प्लांट बेस्ड प्रोटीन के सबसे अच्छे स्रोतों में से एक माना जाता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि मटर पेट भरने वाले और फाइबर से भरपूर होते हैं और ये उन लोगों के लिए एकदम सही है जो जानवरों से मिलने वाले प्रोटीन का सेवन नहीं करते हैं। इसके अलावा, डॉ. गरिमा कहती हैं कि मटर में मौजूद फाइबर मल त्याग को आसान बनाने में मदद करता है।

## कोलेस्ट्रॉल लेवल कंट्रोल करे

मटर में नियासिन की मात्रा अधिक होती है, जो ट्राइग्लिसराइड्स और वीएलडीएल (बहुत कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन, जिससे बैड कोलेस्ट्रॉल कम होता है) के उत्पादन को कम करने में मदद करता है और एचडीएल यानी गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है।

## डायबिटीज में मददगार

विशेषज्ञों के मुताबिक, मटर में एंटीऑक्सीडेंट गुणों के साथ-साथ एंटी-हाइपर ग्लाइसेमिक (ब्लड शुगर को नियंत्रित करने वाले) प्रभाव भी पाए जाते हैं। इस कारण ऐसा कहा जा सकता है कि हरी मटर के फायदे में रक्त में शुगर की अधिक मात्रा को नियंत्रित करना भी शामिल है।

## आंखों के लिए फायदेमंद

मटर में ल्यूटिन और जेक्सैथीन नाम के दो खास तत्व पाए जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह दोनों तत्व आंखों के लिए बेहद फायदेमंद माने जाते हैं। इनका इस्तेमाल आंखों से संबंधित कई परेशानियों को दूर करने में सहायक होता है । इसलिए माना जा सकता है कि आंखों की रोशनी बढ़ाने में हरी मटर खाने के लाभ मिल सकते हैं। साथ ही इसके लिए जिम्मेदार कारकों से बचाव करने में भी यह मददगार साबित होता है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### बैडमिंटन एशिया मिक्सड टीम चैम्पियनशीप दुबई के लिए आकर्षि का चयन

**दुर्ग।** बैडमिंटन में वर्ल्ड रैंकिंग खिलाड़ी छत्तीसगढ़ दुर्ग की निवासी आकर्षि कश्यप ने बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफइंडिया द्वारा नोएडा(उत्तरप्रदेश) में आयोजित सेलेक्शन ट्रायल में असम की खिलाड़ी अस्मिता चहिये को हराकर अपनी जगह पक्की कर ली है। जिससे आकर्षि दुबई में 14 से 19 फरवरी तक आयोजित बैडमिंटन एशिया मिक्सड टीम चैम्पियनशीप में हिस्सा लेगी। वुमेन्स सिंगल्स में आकर्षि कश्यप और पीवी सिंधू देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।आकर्षि का अगला इंटरनेशनल टूर्नामेंट मलेशिया मास्टर सुपर 1000 कुआला लूम्पूर में 10 जनवरी से शुरु होगा। पहला मैच चाइना के ताईपेई प्लेयर वेन चीसी से होगा। सेलेक्शन ट्रायल बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 3 जनवरी को नोएडा के राईस स्पोर्ट्स अरेरा में आयोजित किया गया था।सेलेक्शन ट्रायल में देश की स्टार खिलाड़ी साईना नेहवाल को भी हिस्सा लेना था, लेकिन वह शामिल नहीं हो पाई।

### पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित वैद्य डॉ.वागेश्वरी देंगी सेवायें

**कोरबा।** 5 जनवरी पतंजलि योगपीठ दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट के 28 वें एवं भारत स्वाभिमान के 14 वें स्थापना दिवस पर अस्थि खनिज घनत्व बोन मिनरल डेंसिटी नि:शुल्क मधुमेह रक्त शर्करा जांचए तथा स्त्री ए पुरुष एवं बच्चों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य एवं असाध्य रोगों हेतु निशुल्क आयुर्वेद एवं योग चिकित्सा परामर्श शिविर 05 जनवरी को लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में पतंजलि चिकित्सालय निहारिका कोरबा में प्रातरू 11 बजे से मध्यान्ह 2 बजे तक आयोजित किया गया है।

शिविर के विषय मे पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के आजीवन सदस्य डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा ने बताते हुए कहा कि इस शिविर में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित हजारों रोगियों की चिकित्सा का प्रत्यक्ष प्रायोगिक अनुभव रखने वाली ख्यातिलब्ध पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित ख्यातिलब्ध चिकित्सिका वैद्या डॉण्वागेश्वरी शर्मा अपनी चिकित्सकीय सेवायें देंगी। साथ ही शिविर में आये प्रथम 100 रोगियों की अस्थि खनिज घनत्व ;बोन मिनरल डेंसिटीद्ध की निशुल्क जांच कोलकाता के टैक्नीशियन द्वारा की जायेगी जिससे संबंधित रोगोपचार हेतु निशुल्क जानकारी परामर्श पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित ख्यातिलब्ध चिकित्सिक वैद्य डॉ.वागेश्वरी शर्मा द्वारा दी जायेंगी। साथ साथ मधुमेह रोगियों की रक्त शर्करा की जांच नि: शुल्क करने के साथ उसकी परीक्षित औषधि भी निशुल्क दी जायेगी जाएगी। साथ ही रोगियों को रोगियों के लिए उपयोगी योगाभ्यास तथा प्राणायाम का व्यक्तिगत रूप से अभ्यास कराकर विशेष प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### वीडियोटेक्स इंटरनेशनल वेबओएस हब के लिये रणनीतिक ओडीएम पार्टनर बनी

# भारत में वेबओएस हब 2.0 का उत्पादन शुरू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दिल्ली।भारत की सबसे बड़ी टेलीविजन ओडीएम और ओईएम कंपनियों में से एक और चार दशक से ज्यालदा पुरानी, वीडियोटेक्स इंटरनेशनल 2021 में भारत की प्रथम वैबओएस ओडीएएम बनी और वेब्ओएस 2.0 की पेशकश के साथ वीडियोटेक्स अब वेबओएस हब की रणनीतिक ओडीएम पार्टनर बन गई है। कंपनी वेबओएस हब से चलने वाले टीवी के उत्पीदन के लिये स्मायर्ट टीवी के 15 से ज्या दा प्रमुख ब्राण्ड्सम को शामिल भी कर चुकी है, जिनमें लॉयड, बीपीएल, ह्यूंडई, अकाई, वाइस, दाइवा, कॉम्पैंक, आदि शामिल हैं।**






वीडियोटेक्सि ने जैसे ही वेबओएस सॉल्यूेशन का उत्पालदन शुरू किया, ओएस भारतीय टेलीविजन उद्योग में एक गेमचेंजर बन गया। कंपनी ने भारत में एक ब्राण्डस के लिये ओडीएम सॉल्यूशंस की पेशकश की थी और आज 15 से ज्योदा ब्राण्ड्स् को सफ्लतापूर्वक ऑनबोर्ड कर चुकी है। वीडियोटेक्सर ने ग्रेटर नोएडा स्थित अपनी उच्च5-स्तेरीय सुविधा में वेबओएस से चलने वाले आधा मिलियन से ज्या दा टीवी बनाये हैं, जिसके पास हर साल 1.4 मिलियन (14 लाख) से ज्यासदा टीवी बनाने की क्षमता है। यह क्षमता कंपनी की नई यूनिट के साथ लगातार बढ़ रही है, और हर साल इसकी 1.8 मिलियन (18 लाख) से ज्या दा टीवी बनाने की क्षमता है। इस प्रकार उत्पा दन की कुल क्षमता 3.2 मिलियन (32 लाख) हो गई है। भारत और चीन में वीडियोटेक्से की शोध एवं विकास सुविधाएं हैं। वीडियोटेक्सी ने नये वेबओएस हब 2.0 सॉल्यूशंस में 32 इंच से लेकर 65 इंच तक के स्माार्ट टीवीज की एक संपूर्ण श्रृंखला की पेशकश करते हुए भारत के स्मानर्ट टीवी उद्योग को अत्याकधुनिक सॉल्यूटशंस देने के लिये लगातार काम किया है, जोकि एचडी, फुल्ल एचडी और 4के में उपलब्धच हैं।

सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और एलजीई एचई प्लेनटफॉर्म बिज् डिविजन के हेड क्रिस जो ने कहा, एलजी में हम अपने वेबओएस हब इकोसिस्टऔम को बेहतर बनाने और इसका विस्ताडर करने के लिये प्रतिबद्ध हैं, जो?कि ज्या दा से ज्यारदा उपभोक्तानओं को एलजी वेबओएस हब का लगातार बेजोड़ अनुभव दे रहा है। इसके साथ ही हम वीडियोटेक्सा के साथ अपने गठबंधन का विस्तााार करते हुए खुश हैं, जोकि भारत के स्मा र्ट टीवी इकोसिस्ट म में आगे रहा है। इस प्रगति पर अपनी बात रखते हुए, वीडियोटेक्सन के निदेशक अर्जुन बजाज ने कहा, वेबओएस हब 1.0 की सफ्लता के बाद हम वेबओएस हब 2.0 में जाते हुए उत्सानहित हैं, जोकि ज्योदा स्मोर्ट और इंटरैक्टिव है और यूजर्स को स्मामर्ट टीवी का उन्नपत अनुभव देता है। सबसे हालिया प्रगति लगातार कुछ नया करने और नये जमाने के यूजर्स को अत्या धुनिक टेक्नो लॉजीज का बेहतरीन देने के लिये वीडियोटेक्सय की प्रतिबद्धता दिखाती है। यह प्रगति भारत में बाजार के अग्रणी के तौर पर कंपनी की स्थिति को भी मजबूत करेगी और हमारे पार्टनर्स को भारत में निर्मित स्मा्र्ट टीवीज का विचार करते समय दूसरे ब्राण्ड्सर के बजाए वीडियोटेक्से को उत्पानदक के रूप में चुनने के ज्याटदा कारण देगी।

वेबओएस हब से पावर्ड स्मा र्ट टीवी एलजी का नई खोज वाला और बेहतरीन वेबओएस हब ऑपरेटिंग सिस्टसम है। वेबओएस हब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की टेक्नोलॉजी थिनक्यूब एआई के साथ आता है, जिसके द्वारा यूजर्स अपनी आवाज और दूसरे थिनक्यू -इनैबल्डे आईओटी उपकरणों से भी टीवी को कंट्रोल कर सकते हैं। यह टीवी नेटफ्लिक्स और अमेज़न प्राइम वीडियो के लिये डायरेक्ट हॉटकीज, क्विक एक्सेस, ए क्लिक व्ही ल और दूसरी खूबियों वाले एक मैजिक रिमोट के साथ आता है। यह रिमोट दूसरे उपकरणों के लिये एक यूनिवर्सल कंट्रोलर भी बन सकता है, जैसे कि साउंडबार्स, एवी रिसीवर्स, आदि। एलजी थिनक्यूय ऐप के साथ यूजर्स अपने टीवीज को स्मासर्टफोन्सै से भी कंट्रोल कर सकते हैं। इसके अलावा, गेमिंग पर मजबूती से जोर दिया गया है और गेमर्स के लिये एक नया गेमिंग डैशबोर्ड और खास मोड्स उपलब्ध, हैं, ताकि वे जोनर के हिसाब से अपने गेमिंग के अनुभव को पर्सनलाइज कर सकें। इस स्मामर्ट टीवी में एक अपग्रेडेड रियलटेक चिपसेट है, जो एआई इंजन के डेप्थ एनालीटिक्सइ एक्सहट्रैक्श न का इस्तेमाल कर शार्पनेस और कॉन्ट्राकस्टा को अनुकूल बनाकर पिक्क क्वासलिटी को सुधारता है। थियेटर जैसे देखने के अनुभव के लिये, यह एचडीआर फॉर्मेट्स को सपोर्ट करता है, जैसे कि ओएलईडी/यूएचडी, एचडीआर10 के लिये एचएलजी और 4के तक अपस्केटलिंग। यह टीवी एडवांस्डड डोल्बीड ऑडियो और क्लीयर वॉइस एल्गोनरिदम को भी सपोर्ट करता है, जिससे बैकग्राउंड का शोर कम होता है और एक्सएट्रैक्टेड वॉइस कम्पोएनेन्ट्सम (वोकल साउंड) का साइज़ बढ़ता है। नये वेबओएस हब 2.0 के साथ यूजर्स अब नेटफ्लिक्सर वॉइस यूआई के जरिये अपना मनपसंद स्ट्री मिंग कंटेन्टक खोजने, उस तक पहुँचने और उसका मजा लेने के लिये अपनी आवाज कर इस्ते माल कर सकते हैं।

वेबओएस हब 2.0 उपभोक्तां पर केन्द्रित एक डिजाइन है, जिसमें पर्सनलाइजेशन के ज्याउदा ऑप्शेंस और नये फीचर्स हैं, जैसे कि बेजे़ल-लेस डिजाइंस, मैजिक रिमोर्ट, यूनिवर्सल कंट्रोल, एमईएमसी, ओएलईडी/यूएचडी के लिये एएलएलएम, ब्लूबटूथ 2-वे और ड्यूअल-बैण्डि वाई-फाई। कंपनी 32 इंच से लेकर 75 इंच तक के वेबओएस हब 2.0 टीवी का उत्पा्दन करेगी। लाइन-अप के हिसाब से विशेषताएं और कार्यात्म कताएं बदल सकती हैं।

## चेम्बर के 63वें वार्षिक सम्मलेन की व्यवस्था को लेकर युवा चेम्बर की बैठक हुई संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज दिनांक 3 जनवरी 2023 को चेम्बर भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में दिनांक 10 जनवरी 2023 को को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, साइंस कॉलेज रायपुर में होने वाले चेम्बर के 63वें वार्षिक सम्मेलन के विषय एवं तैयारियों को लेकर चेम्बर भवन में आज युवा चेम्बर की बैठक संपन्न हुई।

युवा चेम्बर प्रदेश महामंत्री कांति पटेल ने कहा कि आज चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में दिनांक 10 जनवरी 2023 को को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, साइंस कॉलेज रायपुर में होने वाले चेम्बर के 63वें वार्षिक सम्मेलन की व्यवस्था को लेकर चेम्बर भवन में आज युवा चेम्बर के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें पदाधिकारियों ने वार्षिक सम्मलेन के सम्बंध में अपने अपने विचार रखे और सुझाव दिए तथा बड़े उत्साह से इस आयोजन में अपनी सहभागिता और सहयोग देने की बात कही।

श्री पटेल ने आगे कहा कि कोविड के कारण तीन वर्ष बाद चेम्बर द्वारा वार्षिक सम्मलेन का आयोजन किया जा रहा है जिसे लेकर चेम्बर पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के बीच अत्यंत उत्साह है। पटेल ने यह भी कहा कि इस आयोजन को सफ्ल बनाने के लिए पूरा युवा चेम्बर जोर शोर से अपनी तैयारियों में लगा हुआ है। आयोजन में शामिल होने के लिये चेम्बर के प्रत्येक सदस्यों को डाक के माध्यम से आमंत्रण पत्र प्रेषित कर दिया गया है। युवा चेम्बर एसोसिएशन में संपर्क कर भी उन्हें निमंत्रण दे रहे है। बैठक में चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, प्रदेश प्रभारी आई.टी.सेल-कैलाश खेमानी, उपाध्यक्ष-हीरा माखीजा, कन्हैया गुप्ता, टी. श्रीनिवास रेड्डी, पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा, मनोज जैन,मंत्री- शंकर बजाज, नीलेश मूंधड़ा, दिनेश पटेल, राजेन्द्र खटवानी, लोकेश साहू दिलीप इसरानी एवं युवा चेम्बर प्रभारी जय नानवानी, महामंत्री कांति पटेल, कोषाध्यक्ष रजत सिंह छाबड़ा, अवनीत सिंह, अमर धिंगानी, विपुल पटेल, हरसुख पटेल, सूरज जेठानी, समीर वंश्यानी, धीरज पटेल विजय क्षत्री सहित युवा चेम्बर के अनेक पदाधिकारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## प्रदेश कांग्रेस के मोर्चा प्रकोष्टों की बैठक संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** एआईसीसी की छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सेलजा, प्रभारी सचिव चंदन यादव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कांग्रेस के मोर्चा, प्रकोष्ठ एवं विभाग अध्यक्षों की बैठक लेकर उनके कामकाज की समीक्षा किया। इस अवसर पर प्रभारी कुमारी सेलजा ने कहा कि एआईसीसी का अधिवेशन में सबको जुटना है। सभी की अलग जिम्मेदारी होगी। 26 जनवरी से हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा को घर-घर तक पहुंचाने में सभी प्रकोष्ठों को अलग-अलग जिम्मेदारी होगी। सभी जिलों में प्रकोष्ठों के लोगों को अनिवार्य सक्रिय हो। जिलों में उनकी उपस्थिति आवश्यक है। सभी प्रकोष्ठों को जो जवाबदारी मिले उसका अनिवार्य निर्वहन होना चाहिये। चुनाव साल में बहुत मेहनत करना है। पूरे देश की नजर छत्तीसगढ़ पर है। सरकार की हमारी योजनायें अच्छी है। अत: उनको हमें जनता तक पहुंचाना है। हमें गर्व है हम कांग्रेस के सिपाही है। आज की शानदार रैली के लिये अध्यक्ष जी को आप सबको खूब बधाई। हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा में हमें आरक्षण के मुद्दे को भी जनता तक ले जाना है। भाजपा को बेनकाब करना है। भाजपा जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने धार्मिक विद्वेष भड़काती है। हम ऐसा नहीं होने देंगे। राहुल जी की भारत जोड़ो यात्रा देश की एकता आखंडता के लिये है। हमें राहुल जी के भाईचारे के संदेश को नीचे जनता तक ले जाना है। सभी जिला ब्लाक की मीटिंग में प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को अनिवार्य बुलाने के निर्देश दिया।

प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव ने कहा कि जिला एवं ब्लाक लेवल तक अध्यक्षों की सूची शीघ्र जमा करें।

## चेम्बर गौरव दिवस पर पंचशील पंजाबी एसोसिएशन का किया गया सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।छ.ग. चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई द्वारा आयोजित चेम्बर गौरव दिवस पर उन सामाजिक संस्थाओ का भी सम्मान किया गया जो संस्थाए सामाजिक सेवा के साथ साथ चेम्बर का भी सहयोग करती है चेम्बर के व्यापारिक हित कार्यक्रम में चेम्बर के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ देती है।**




ऐसी सामाजिक संस्थाओं में पंचशील पंजाबी एसोसिएशन जो पटरी पार सेक्टर क्षेत्रो में चेम्बर की सहयोगी संस्था के रूप में हमेशां सक्रिय रहती है स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वैशाली नगर का सिंधी समाज भी इस कार्यक्रम में सम्मानित हुआ।समाज की समर्पण सस्था जो सभी समाज को निशुल्क शव वाहन उपलब्ध कराती है। संस्था के अध्यक्ष दिलीप पवानी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सिख समाज गुरुनानक नगर व सर्कुलर मार्किट के चेयरमैन श्रीलल्लन तिवारी को भी सम्मानित किया गया। चेम्बर पदाधिकारी को हमेशा रक्त उपलब्ध कराने में आशीर्वाद ब्लड बैंक का विशेष सहयोग रहता है सदैव समर्पित भाव के लिए आशीर्वाद ब्लड बैंक से विकास जायसवाल व साहू जी को सम्मानित किया गया। सुंदर नगर सोसायटी के अध्यक्ष श्री चांडक जी का भी सम्मान किया गया। ओद्योगिक क्षेत्र की संस्थाए एंसिलरी एसो., इंजीनियरिंग पार्क एसो., लघु उद्योग भारती, वायर ड्रम एसो. एवं एम एस एम ई उद्योग संघ के पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया।

वैशाली नगर की पार्षद द्वारा भिलाई महिला चेम्बर को सराहनीय योगदान हेतु चेम्बर द्वारा चेम्बर सखी के सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ मानसी गुलाटी व श्रीमती सरिता मिश्रा को चेम्बर सखी से सम्मानित किया गया। चेम्बर में विशेष सहयोग हेतु मधयानी ग्रुप, सहेली ज्वेलर्स, एवन इलेक्ट्रॉनिक,कृष्णा क्लॉथ, दुल्हेराजा, घड़ी डिटर्जेंट, वधु,दूल्हे बाबू, प्रीत मोटर, हरिओम फर्निशिंग, सत्यम शु को भी सम्मानित किया गया। चेम्बर के कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में अक्षय गुप्ता,दिनेश जांगड़े,विशाल छाबड़ा,रोहित भसीन,आशीष कुशवाहा,कुलदीप लालवानी,प्रेम ठकवानी,आदित्य शुक्ला,विजय मिश्रा व अखिलेश सिंह का विशेष सहयोग रहा। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचना शंकर सचदेव ने ढ़ी।

## कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

श्रीकंचनपथ न्यूज


**राजनांदगांव।** कलेक्टर जनचौपाल कार्यक्रम में आज जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकगणों ने कलेक्टर से भेंट कर अपनी समस्याएं रखी। कलेक्टर डोमन सिंह ने नागरिकों से सहृदयतापूर्वक भेंट कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम मटिया से आए दिव्यांग तुलाराम साहू के आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्होंने समाज कल्याण विभाग को बैटरी चलित ट्रायसाईकिल देने के निर्देश दिए।


ट्रायसाईकिल मिलने पर तुलाराम ने खुशी जाहिर की। कलेक्टर ने कृषकों को किसान किताब का वितरण किया। किसानों ने किसान किताब पाकर प्रसन्नता व्यक्त की। जनचौपाल कार्यक्रम में आज 56 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभाग में भेजे जाने की कार्रवाई की गई है। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को आवेदनों की जांच कर उचित निराकरण करने कहा है। जनचौपाल कार्यक्रम में पहुंचे डोंगरगांव जनपद पंचायत के सेवानिवृत्त कर्मचारी सहायक ग्रेड 3 अरूणा नाम नागदेवे ने अपना पेंशन भुगतान नियमित करने संबंधी आवेदन प्रेषित किया है। इसी प्रकार बैगा पारा वार्ड 33 निवासी दसोदा सोनकर ने अपनी नजूल भूमि का स्थाई पट्टा प्रदाय करने, ग्राम पंचायत भर्रेगांव के कुंवरबती ने मुख्यमंत्री पेंशन योजना स्वीकृत करने, राजनांदगांव के वार्ड 8 मोतीपुर के रमेश कुमार देवांगन ने स्वरोजगार स्थापित करने के लिए गुमटी प्रदाय करने, ग्राम पंचायत खैरझिटी के रामबाई ने अपने बेचे गए धान की अंतर राशि प्रदाय करने, राजनांदगांव के वार्ड 36 निवासी सीता डोंगरे ने अपने आवसीय जमीन का नवीनीकरण करने, भर्रेगांव के सुशील चंद्राकर ने चिटफण्ड में निवेश किए गए रकम की वापसी करने संबंधी आवेदन दिया है। इसी प्रकार राजनांदगांव के वार्ड 33 के पार्षद ने अपने वार्ड में निवासरत लोगों को स्थाई पट्टा प्रदाय करने आवेदन दिया। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदकों की समस्याओं को समझते हुए उचित कार्रवाई करने और नागरिकों को लाभान्वित करने कहा है। गौरतलब है कि जिले में विकेन्द्रित जनचौपाल के माध्यम से जनसामान्य की समस्याओं की समाधान किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी विकासखंडों में एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ, सीएमओ द्वारा जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्याओं का निदान किया जा रहा है।

















## खास खबर

### बुजुर्ग की ईंट व पत्थर मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़ ( ए )।** सड़क किनारे एक बुजुर्ग की खून से लथपथ लाश बरामद हुई। अज्ञात कातिल ने पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या की है। यह वारदात सारंगढ़ की है। ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने पुलिस ने पूरी ऊर्जा झोंक दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी विजय चौधरी ने बताया कि सुबह रेंजर पारा में उस समय सनसनी फैल गई, जब नाका नंबर 5 के पास लोगों की नजर सड़क किनारे एक लाश पर पड़ी जिसका सिर बुरी तरह कुचल गया था।

चूंकि, रक्तरंजित शव के पास पत्थर और ईंटें भी थी इसलिए प्रथम दृष्ट्या मामला हत्या का लगते ही तरह-तरह की अफवाहें भी उड़ने लगी। वहीं, इसकी भनक लगने पर हरकत में आई पुलिस तत्काल मौके पर गई और शव का जायजा लेते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ की तो दोपहर को मृतक की शिनाख्त बरमकेला निवासी रामभरोस चौहान नामक 60 वर्ष के बुजुर्ग के रूप में हुई। ऐसे में वर्दीधारियों ने चौहान परिवार को बुलाकर पूछताछ की तो पता चला कि रामभरोस की दिमागी हालत सही नहीं होने के कारण वह भीख मांगने के लिए घूमते रहता था।

पुलिस को आशंका है कि बीती दरमियानी रात ढाई से तड़के 5 बजे के बीच अज्ञात हमलावर ने पत्थर से कुचलकर रामभरोस को मौत के घाट उतारा है, लेकिन इसकी वजह क्या है इसे जानने के लिए पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। सारंगढ़ पुलिस धारा 302 के तहत मुकदमा पंजीबद्ध करते हुए कातिल के गिरेबां तक पहुंचने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाल रही है।

### रिटायर्ड शिक्षक से उठाईगिरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद ( ए )।** पुलिस ने रिटायर्ड शिक्षक से लाखों रूपए की उठाईगिरी करने वाले नाबालिग सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान कृष्णा गोड़ उर्म शंकर लाल और नाबालिग लड़के के रूप में की है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने पीड़ित बुजुर्ग व्यक्ति को बैंक से पैसा निकालकर जाते देखा और चालाकी से उससे 1.25 लाख रूपए से भरा बैग चोरी करके भाग गए थे। पुलिस ने गोंड़ के कब्जे से 29,500 रूपए और नाबालिग से 1 लाख रूपए जब्त किया है।

### ब्राउन शुगर के साथ पुलिस ने दो आरोपी को पकड़ा

**बिलासपुर ( ए )।** पुलिस ने बिलासपुर जिले में सवा लाख रुपये कीमत की 25 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान बिलासपुर शहर के रहने वाले मोहम्मद जावेद (33) और प्रेमनारायण उर्फ सन्नी चौधरी (29) के रूप में की है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को रतनपुर एक बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि वे मादक पदार्थ उत्तर प्रदेश से लाए थे।

### नारायणपुर में चर्च में तोड़फोड़, पुलिस पर हमला करने वाले भाजपा नेता समेत 8 गिरफ्तार

**नारायणपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर शहर में आदिवासियों के एक समूह द्वारा विरोध प्रदर्शन के दौरान एक चर्च में तोड़फोड़ किए जाने के मामले में पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक स्थानीय नेता सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि नारायणपुर में सोमवार को हुई दंगों की घटनाओं के सिलसिले में रूपसाय सलाम, पवन कुमार नाग, अतुल नेताम, अंकित नंदी और डोमेन्द्र यादव को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को भादवि की धारा 147, 148, 294, 506, 323 के तहत गिरफ्तार और उन्हें न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। इसके आलावा पुलिस ने ग्राम गोर्रा में 2 पक्षों के बीच वाद-विवाद को शांत कराने गई पुलिस पार्टी के ऊपर हमला करने वाले तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किए है।

# बीच सड़क पर बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे थे युवक बर्थडे बॉय सहित 3 दोस्तों को पुलिस ने दबोचा

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में बीच रास्ते में बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे तीन बदमाश युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक सरेराह जन्मदिन मनाकर तलवार से केक काट रहे थे। तभी पुलिस की टीम वहां पहुंच गई और जन्मदिन मनाने वाले युवक और उसके दो साथियों को दबोच लिया। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।



रिंग रोड-2 से नर्मदा नगर जाने वाले मार्ग पर अमेरी चौक में सोमवार की रात युवकों का जमावड़ा लगा था। यहां युवकों की भीड़ जन्मदिन और बीच सड़क में केक काटने के लिए जुटी थी। युवक मस्ती करते हुए बीच सड़क में केक काटकर जन्मदिन सेलिब्रेट करने की तैयारी कर रहे थे। तभी सिविल लाइन पुलिस को इसकी जानकारी मिली। खबर मिलते ही पुलिस की पेट्रोलिंग टीम वहां पहुंच गई।

### तलवार से काट रहा था केक, पुलिस ने किया गिरफ्तार

इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर तीन युवकों को दबोच लिया। एक युवक के मुंह में केक लगा था और उसके हाथ में तलवार था। पूछताछ में पता चला कि अमेरी निवासी लखन पात्रे (22) का जन्म दिन था और वह दोस्तों के साथ तलवार लेकर केक काट रहा था। पुलिस ने उसके निवासी अमेरी दोस्त लक्ष्मीराज टोंडे (25) और अमेरी के ही सचिन दिवाकर को पकड़ लिया। पुलिस तीनों लड़कों को थाने लेकर आ गई।

### हवालात में हुआ बर्थ डे सेलिब्रेशन

युवक से तलवार जब्त कर बर्थडे बॉय लखन और उसके दो साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान हवालात में उनकी खातिरदारी की गई और जन्मदिन सेलिब्रेट किया।

### पुलिस को देखकर भागे लड़के

अमेरी चौक में जैसे ही पुलिस की टीम पहुंची, वहां जन्मदिन मनाने के लिए जुटी युवकों की भीड़ में अफरा-तफरी मच गई। 10-15 लड़के इधर-उधर भागने लगे। वहीं, पुलिस उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पकड़ने की कोशिश करती रही।

### सोशल मीडिया में चल रहा ट्रेंड


दरअसल, सोशल मीडिया में युवाओं के बीच तलवार लेकर केक काटने का ट्रेंड चल रहा है। युवक दोस्तों के बीच तलवार से केक काटते हैं और रील बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करते हैं। युवक इस तरह से अपना रसूख दिखाते हैं। पुलिस अफसरों ने पुलिस को इस तरह से बीच सड़क में जन्मदिन मनाने और तलवार से केक काटने वाले बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी लड़कों की बदमाशी कम नहीं हो रही है।

# सीमेंट दुकान के सेल्समेन ने किया 12 लाख से ज्यादा का गबन

श्रीकंचनपथ न्यूज


**भिलाई।** सीमेंट की दुकान में काम करने वाले सेल्समैन ने अपने मालिक को 12 लाख से ज्यादा का चूना लगा दिया। दरअसल सेल्समेन ने यह घपला मार्केट में फंसी उधारी की वसूली से किया है। दुकान का मार्केट में लाखों की वसूली बाकि थी जिसे वसूल कर इसमें से रकम गबनकर अपने इस्तेमाल के लिए खर्च करता था। जब मालिक ने रिकार्ड चेक किया तो मामला खुला। इस मामले में दुकान मालिक की शिकायत पर सेल्समेन के खिलाफ धारा 408 के तहत अपराध दर्ज किया है। मामला दुर्ग जिले के नंदिनी नगर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार अहिवारा मार्केट स्थित मुकेश सीमेंट स्टोर्स में लोमेश यादव नाम का युवक सेल्समेन का काम करता था। दुकान के संचालक मनोज खुबवानी ने शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि उसने मार्केट में काफी सीमेंट व अन्य मटेरियल उधार में दिया था।




अप्रैल से अक्टूबर के बीच दुकान के सेल्समैन ने उधारी की रकम करीबन 12 लाख 73 हजार 359 रुपए वसूल किए। उक्त रकम को दुकान में जमा करने के बजाय अपना इस्तेमाल किया और दुकान से नौकरी भी छोड़ दी। इस दौरान दुकान मालिक ने उससे मिलकर रकम का हिसाब पूछा तो आजकल में देने की बात कहने लगा। इसके बाद वह फरार हो गया। मनोज खुबनानी की शिकायत पर नंदिनी पुलिस ने मामला दर्ज किया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# बीजापुर में नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के कैंप पर किया हमला, BGL भी दागे



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** बीजापुर जिले में मंगलवार को नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के कैंप पर हमला कर दिया। सुरक्षा बलों के कैंप पर नक्सलियों ने बैरल ग्रेनेड लॉन्चर भी दागे हैं। नक्सलियों के हमले के बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी फायरिंग शुरू की। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग खड़े हुए। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह बीजापुर जिले के पामेड़ थाना क्षेत्र से लगे सुरक्षाबलों के कैंप पर नक्सलियों ने हमला कर दिया। नक्सली बड़ी वारदात की फिराक में आए थे। इस दौरान नक्सलियों ने बैरल ग्रेनेड लॉन्चर दागे। हमले के बाद जवानों ने मोर्चा संभाला। जवानों की जवाबी फायरिंग के बाद नक्सली भाग गए। इस दौरान लगभग 15 मिनट तक पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। फिलहाल जवान सर्चिंग में लगे हुए हैं।

# शराब के लिए आए दिन घर पर करता था विवाद, तंग माता पिता व भाई ने कर दी हत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** धमधा थाना क्षेत्र में सोमवार की रात एक शराबी की उसके माता-पिता व भाई ने मिलकर हत्या कर दी। मृतक घर पर आए दिन विवाद करता और शराब के लिए पैसे मांगा करता था। नहीं देने पर सभी से झगड़ा करता था। इससे तंग आकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने सूचना के बाद शव को बरामद किया और मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार धमधा थाना अंतर्गत ग्राम कोनका निवासी गंगाधर (42) का शव मृतक के घर पर संदिग्ध अवस्था मे बरामद किया गया। पुलिस ने उसके सिर, गर्दन व शरीर पर चोंट खरोच के निशान पाए। जांच के दौरान पता चला कि गंगाधर



का अपने परिवार वालों से रोज झगड़ा होता रहता था। एक दिन पहले वह शराब के लिए अपने घर में हंगामा कर रहा था। इस के बाद उसके पिता द्वारिका पटेल, धनराज पटेल, माता दुरपति पटेल, भाई मनी राम पटेल से गाली गलौच करने लगा। इस दौरान मारपीट हुई। जिस पर चारों ने मिलकर गंगाधर की हत्या कर दी। पुलिस ने सभी अरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# बहन को लात जूतों से पीट रहा था जीजा, नाबालिग ने कुल्हाड़ी से किया वार, मौके पर मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** बहन को लात जूते से पीट रहे जीजा की उसके नाबालिग साले हत्या कर दी। मामूली बात पर विवाद ने इतना बड़ा रूप लिया कि घर में मातम पसर गया। इस मामले में बहन ने ही अपने भाई के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और पुलिस ने नाबालिग को गिरफ्तार कर मंगलवार को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है। घटना जशपुर जिले के सन्ना थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना सन्ना क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय विवाहित महिला अपने पति के साथ अपने मायके में रहती है। एक जनवरी को घर पर नए साल का जश्न मनाया जा रहा था। शाम को महिला का पति घर पहुंचा और अपनी पत्नी को ढूंढने लगा। पत्नी घर पर ही थी। इसके बाद भी पति उससे कहां गई थी कहकर मारपीट करने लगा। बचाव के लिए महिला पड़ोसी के यहां भागते हुए चली गई।

इस दौरान पीछे से उसका पति भी पड़ोसी के घर पहुंच गया और




महिला को लात जूते से बुरी तरह मारने लगा। तभी वहां महिला का 16 वर्षीय छोटा भाई पहुंचा और बीच बचाव करने लगा। लेकिन जीजी रुकने का नाम नहीं ले रहा था। यह देखा नाबालिग को भी गुस्सा आया और उसने पास में रखी कुल्हाड़ी उठाई और जीजा पर वार कर दिया। इससे जीजा छटपटाता हुआ जमीन पर गिर पड़ा। कुल्हाड़ी के वार से उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। इस मामले में मृतक की पत्नी ने अपने भाई की शिकायत थाने में की। सन्ना पुलिस ने आरोपी नाबालिग को हिरासत में लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपने जीजा की हत्या की बात मान ली है। पुलिस ने नाबालिग आरोपी को न्यायालय में पेश किया और वहां से बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया।

### पेट्रोल पंप में बदमाशों ने की फायरिंग

# लूट के इरादे से आए 3 नकाबपोश युवकों ने कट्टे से चलाई गोली

**बिलासपुर ( ए )।** बिलासपुर में बाइक सवार नकाबपोश तीन युवकों ने पेट्रोल पंप में कट्टे से फायरिंग कर दी। बदमाश लड़कों की हरकतों को देखकर पेट्रोल पंप कर्मी दहशत में आ गए और इधर-उधर भागते नजर आए। बताया जा रहा है कि बाइक सवार नकाबपोश लूट के इरादे से पहुंचे थे। हालांकि, फायरिंग के बाद कट्टे में राउंड लोड नहीं हुआ और बदमाश वहां से फरार हो गए। बदमाशों की दहशतगर्दी पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस उनकी तलाश कर रही है। पूरा मामला कोटा थाना क्षेत्र का है।

लोरमी रोड में ग्राम लखोदना चंगोरी में पुष्कर पेट्रोल पंप संचालित है। घटना मंगलवार की रात करीब 8.35 बजे की है। यहां पेट्रोल पंप कर्मचारी अपने काम में व्यस्त थे। उसी समय बाइक सवार तीन नकाबपोश युवक पहुंचे। बाइक से उतरते ही हाथ में कट्टा रखे युवक ने हड़बड़ाहट में जमीन में फायरिंग कर दी। गोली चलने की आवाज सुनते ही मौजूद कर्मचारी भी दहशत में आ गए और इधर-उधर भागने लगे। लुटेरे कैश




काउंटर में घुसने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन, युवक अंदर नहीं जा पाए और कुछ देर बाद वहां से भाग निकले।

### कर्मचारियों ने पुलिस को दी जानकारी

जैसे ही बाइक सवार बदमाश वहां से भागने लगे, तब कर्मचारियों ने पेट्रोल पंप मालिक नवल किशोर और संजय अग्रवाल को इस घटना की जानकारी दी। इधर, गोली चलने की सूचना मिलते ही कोटा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस की टीम पेट्रोल पंप कर्मचारियों से पूछताछ कर बदमाशों की जानकारी जुटा रही है।

### लूट के इरादे से पहुंचे थे बदमाश हड़बड़ी में हुए असफल

पेट्रोल पंप में गोली चलने की जानकारी मिलते ही एडिशनल एसपी ग्रामीण राहुल देव शर्मा के साथ ही एसीसीयू की टीम भी वहां पहुंच गई। पूछताछ में पता चला कि बदमाश युवक लूट के इरादे से आए थे। लेकिन, हड़बड़ी में हाथ में कट्टा रखे युवक ने अचानक फायरिंग कर दी। गोली चलने की आवाज सुनते ही लोग दहशत में आ गए। वहीं, बाइक सवार बदमाश भी हड़बड़ा गए और लूट की वारदात में असफल होकर भाग निकले।

### पुलिस ने कराई नाकेबंदी फिर भी नहीं मिले बदमाश

इस वारदात के बाद पुलिस ने सभी इलाकों में नाकेबंदी कराई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार बदमाश कोटा-बिलासपुर रोड तरफ भागते दिखे थे। पुलिस की नाकेबंदी का भी कोई असर नहीं हुआ और बदमाश आसानी से भाग गए।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए नकाबपोश युवक

पेट्रोल पंप में सीसीटीवी कैमरा भी लगा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे का फुटेज निकाला है, जिसमें बाइक सवार बदमाश युवक तेजी से आते नजर आ रहे हैं। हड़बड़ी में एक युवक ने जमीन पर फायरिंग कर दी। वीडियो में गोली चलते ही कर्मचारी दहशत में भागते दिख रहे हैं। वहीं, युवक कुछ देर रुकने के बाद बाइक लेकर भाग गए।

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

# विधायक देवेंद्र यादव की पहल से सिविक सेंटर की लौट रही रौनक, रथ पार्क का हो रहा सौंदर्यीकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर के ह्रदय स्थल सिविक सेंटर क्षेत्र का करीब 8 करोड़ की लागत से पूरे सिविक सेंटर क्षेत्र का होगा कायाकल्प और सविक सेंटर का पुराना वैभव रौनकता को वापस लाया जाएगा। इसके लिए भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव जब महापौर थे तब उन्होंने अपनी निधि से इस पूरे क्षेत्र का विकास कार्य करने के लिए स्वीकृति दी थी। जिसके सहयोग से आज सिविक सेंटर का सौंदर्यीकरण काम शुरू कर दिया गया है।



विकास कार्य के प्रथम चरण में सिविक सेंटर में स्थित अर्जुन रथ का सौंदर्यीकरण कर पूरा तरह से नया रंग रूप दिया जाएगा। जहाँ दरारे है,उसे भी सुधार कर एकदम नया जैसे बनाया जाएगा।

आसपास पूरी तरह से साफसफई कर एक भव्य और सुंदर गार्डन का निर्माण किया जाएगा। चारो ओर रंग बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा और आकर्षक बाउंड्री वाल का भी निर्माण किया जाएगा। जिसका कार्य प्रगति पर है। 3 जनवरी को भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव महापौर नीरज पाल,पीएडब्लूडी प्रभारी व विधायक प्रतिनिधि एकांश बंछोर के साथ विकास कार्यों का मौका मुआयना करने पहुंचे। सबसे पहले विधायक देवेंद्र यादव सिविक सेंटर में स्थित आकर्षक अर्जुन रथ और आसपास के पूरे क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के लिए किए जा रहे कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया।

इसके बाद सिविक सेंटर में निर्माणाधीन पार्किंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने संबंधित ठेकेदार दो निर्देशित करते हुए कहा कि यह भिलाई का सबसे महत्वपूर्ण स्थल है, ह्रदय स्थल है जिसे हमे एक नया स्वरूप देना है। लोग बाहर से सिविक सेंटर घूमने के लिए आये। जैसे पहले आते थे। वैसा भव्य,आकर्षक बनाना है। ड्राइंग डिजाइन और प्रस्ताव के हिसाब से काम किया जाना है। किसी भी प्रकार की लापरवाही यहां बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पूरा कार्य नियम के तहत हो और समय पर होना चाहिए। इसके अलावा अर्जुन रथ प्रतिमा भी कुछ जगह से खराब होने लगी है। कलर पेंट उखड़ गए हैं। हल्की दरारे भी पड़ गई है। यह सब कभी पूरी तरह से मेंटेनेंस कर एक नया स्वरूप और वैभव प्रदान किया जाना है। काम में लापरवाही या लेटलतीफी की गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### महापौर देवेंद्र यादव ने की थी पहल

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव जब महापौर थे तब उन्होंने सिविक सेंटर को भव्य रूप देने की योजना बनाई थी। उनका प्लान था कि सिविक सेंटर का जो वैभव पहले था वही वैभव वापस लाने के लिए सिविक सेंटर पूरे क्षेत्र को सौंदर्यीकरण कर डेवलपमेंट किया जाएगा। इसके लिए महापौर देवेंद्र यादव अपने फ़ंड से 8 करोड़ की स्वीकृति दिए थे। सिविक सेंटर का विकास कार्य दो फेस में होगा। पहले फेस का काम चल रहा है। इसके बाद दूसरे फेस का काम शुरू होगा।

## खास - खबर

### वैशाली नगर पानी टंकी के आउटलेट वॉल्व के लीकेज का किया जाएगा संधारण

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर के उच्च स्तरीय जलागार के आउटलेट वॉल्व के लीकेज का संधारण किया जाएगा। लीकेज की वजह से पानी व्यर्थ न बहे इसके लिए लीकेज का संधारण अनिवार्य है। जिसको देखते हुए 4 जनवरी को लीकेज संधारण का काम भिलाई निगम के जल कार्य विभाग द्वारा किया जाएगा। जोन आयुक्त येशा लहरे व जल कार्य देख रहे उप अभियंता बसंत साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि लीकेज संधारण की वजह से टंकी से जलापूर्ति 5 जनवरी दिन गुरुवार को प्रदाय करने में असुविधा होगी तथा 5 जनवरी को वैशाली नगर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 19 राजीव नगर, वार्ड क्रमांक 20 वैशाली नगर, वार्ड क्रमांक 26 रामनगर में पूर्ण रूप से जलापूर्ति प्रभावित रहेगा। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 15 अंबेडकर नगर एवं वार्ड क्रमांक 25 राजीव नगर में आंशिक रूप से जलापूर्ति प्रभावित रहेगा। जलापूर्ति प्रभावित रहने के दौरान विभागीय पानी टैंकरों के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई की जाएगी। निगम के द्वारा प्रयास किया जाएगा कि शीघ्र अति शीघ्र लीकेज का संधारण कर जलापूर्ति की जाए। उल्लेखनीय है कि वैशाली नगर उच्चस्तरीय जलागार से कुछ वार्ड क्षेत्रों को पानी सप्लाई किया जाता है।

### शाइनिंग स्टार क्लब ने नया साल मनाया

**दुर्ग।** शाइनिंग स्टार क्लब वार्ड क्रमांक 2 बजरंग चौक सेलूद द्वारा नए साल का स्वागत काफी धूमधाम से किया गया। 1 जनवरी को शाम को शाइनिंग स्टार क्लब के द्वारा विभिन्न आयोजन रखा गया। जिसमें विजेता उप विजेताओं को इनाम भी दिया गया ।इसके अलावा क्लब के सदस्यों के द्वारा गीत संगीत में नृत्य की प्रस्तुति दी गई। वहीं बच्चों के आग्रह पर कपल डांस का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के माता-पिता ने भी बच्चों के साथ मिलकर नृत्य किया। सबसे पहले पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिसमें बच्चों ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना की। इसके बाद बच्चों के लिए वह महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ ,नारियल फेंक व अन्य विविध स्पर्धा भी आयोजित की गई । इसके अलावा ठंड से बचने के लिए अलाव की व्यवस्था रखी गई। थी। शाम 7:00 बजे से लेकर 11:00 बजे तक गीत-संगीत का दौर चलता रहा । वही इस बीच केक काटकर के नए साल का जश्न भी मनाया गया । अंत में कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में उपस्थित जिला पंचायत दुर्ग के पूर्व सभापति श्रीमती जयश्री वर्मा एवं वार्ड क्रमांक 2 के वरिष्ठ नागरिक श्रीमती सावित्री वर्मा के द्वारा विजेता उपविजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किया गया । इस अवसर पर प्रमुख रूप से संतोष वर्मा,अन्नू वर्मा, विष्णु निर्मलकर, श्रीमती मेनका निर्मलकर, भूपेंद्र वर्मा, श्रीमती सावित्री वर्मा, अनिरुद्ध वर्मा, श्रीमती रामेश्वरी वर्मा, भेषणारायण सेन, श्रीमती कुसुम सेन, बलराम यादव, श्रीमती सुशीला यादव, सतीश साहू, दिलेश्वरी साहू, गोलू वर्मा श्रीमती बीनू वर्मा, रोहित वर्मा,श्रीमती सविता वर्मा, साइनिंग स्टार क्लब के अध्यक्ष एकांश वर्मा, लक्ष्मीकांत यादव, प्रज्ञा वर्मा, रिया वर्मा, ट्विंकल वर्मा, अनुष्का राय, आदि वर्मा, ओजस्वी साहू, कान्हा साहू, चिराग राय, सार्थक, डाली वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# सेलूद स्कूल में अतिरिक्त कमरा का भूमिपूजन हुआ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** स्वामी आत्मानन्द इंग्लिस मिडीयम् स्कूल सेलूद मे 44 लाख की लागत से बनने वाले अतिरिक्त कमरा निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के ओ एस डी आशीष वर्मा थे।

विशिष्ट अतिथि अश्वनी साहू, कृषि उपज मंडी दुर्ग,महेंद्र वर्मा, अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी पाटन, जवाहर वर्मा, अध्यक्ष साख सहकारी समिति सेक्टर 1 श्रीमती जयश्री वर्मा, पूर्व सभापति जिला पंचायत दुर्ग,खिलेश मारकण्डेय, जनपद सदस्य, महेश साहू, सेक्टर प्रभारी कांग्रेस कमेटी श्रीमती खेमिन साहू, सरपंच ग्राम पंचायत सेलूद थी।

प्रिंसिपल एम के सुकला ने स्कूल के प्रगतिं की जानकारी दी ।कृषक उपज मंडी दुर्ग के अध्यक्ष अस्वनी साहू ने कहा कि जो अच्छा काम करता वह चिरस्थाई हो जाता है ।हम सबको अपनी सस्कृति व कला को जानना जरूरी है।

साथ ही समाज की सेवा करना है। खूब तरक्की करके माता पिता की सेवा करे ।कार्यक्रम को पूर्व जिला पंचायत सभापति श्रीमती जयश्री वर्मा, जनपद सदस्य खिलेश मार्कण्डे, सेलूद सरपंच श्रीमती खेमिन साहू,एन के तिवारी, कार्यक्रम का संचालन नरसिंग साहू व श्रीमती प्रीति मिश्रा ने किया। अंत मे आभार प्रदर्शन प्याली सेन ने किया ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल,पंच मन्नू लाल यदु,त्रिभुवन यदु, राकेश साहू डब्बू, टॉमनलाल साहू, राधेश्याम कस्यप सहित स्कूल के स्टाप व छात्र छात्राएं उपस्थित थी।

# सिंटर प्लांट 3 ने 80 मिलियन टन संचयी उत्पादन कर एक और उपलब्धि हासिल की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 ने एक और उपलब्धि हासिल की है। स्टील बनाने की प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण विभाग एसपी-3 ने 29 दिसंबर 2022 को 80 मिलियन टन संचयी उत्पादन कर एक नया मील का पत्थर स्थापित किया।




विदित हो कि सिंटर प्लांट-3 को 2001 में 3.2 एमटीपीए क्षमता की सिंगल मशीन के साथ चालू किया गया था। एसपी-3 को दूसरी सिंटर मशीन के साथ 2014 में संवर्धित किया गया, जिससे एसपी-3 की क्षमता 3.7 एमटीपीए हुआ। अब तक मशीन 1 ने लगभग 60 मिलियन टन उत्पादन किया है। मशीन 2 ने हाल ही में 06 दिसंबर 2022 को 20 मिलियन टन संचयी उत्पादन के लक्ष्य को पार कर लिया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिन्हांकित करने के लिए संयंत्र के कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) अंजनी कुमार द्वारा संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में केक काटा गया। इस अवसर पर एसपी-3 के कर्मचारी और ग्राहक, आपूर्तिकर्ता और सेवा विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) अंजनी कुमार ने अपने उद्बोधन में इस उपलब्धि हेतु पूरे एसपी-3 बिरादरी को बधाई दी और नए लक्ष्य बनाकर संबंधित क्षेत्रों में मशीनों और उपकरणों के मेंटेनेंस का ध्यान रखते हुए लगन और मेहनत से कार्य करने का आग्रह किया। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) तापस दासगुप्ता ने सिंटर प्लांट द्वारा पिछले कुछ वर्षों में दर्ज किए गए कीर्तिमानों की सराहना करते हुए बधाई दी।

मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सर्विसेज) पी के सरकार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एमएंडयू) असित साहा और मुख्य महाप्रबंधक राजीव पांडे और महाप्रबंधक प्रभारी (इलेक्ट्रिकल) ए शंकर ने एसपी-3 टीम द्वारा प्रदर्शित उच्च मनोबल और तालमेल की सराहना की।

# प्राकृतिक पेंट से अपना घर सजाना चाहते हैं तो लिटिया की दीदियों से संपर्क करें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** लिटिया के धान खरीदी केंद्र में कुछ समय पहले बनाये गये चबूतरों को सुंदर रंगों के डिस्टेंपर से सजाया जा रहा है। इन चटख और खिले रंगों को देखकर कोई भी सहज रूप से यह कहेगा कि इसके लिए डिस्टेंपर की खरीदी किसी हार्डवेयर स्टोर से किसी एमएनसी के चटख रंगों के कैटलाग से देखकर की गई होगी।



यह जानकर आश्चर्य होगा कि इतने सुंदर रंग से भरे यह पेंट ग्राम लिटिया में ही स्वसहायता समूहों की दीदियों ने तैयार किये हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पश्चात सरकारी भवनों में इसका कार्य शुरू कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साजा विधानसभा के ग्राम बोरी में भेंट मुलाकात के दौरान इसका निरीक्षण भी किया था और स्वसहायता समूहों की महिलाओं से इस संबंध में चर्चा भी की थी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा था कि आजीविका के लिए जितने नवाचार करेंगे और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप गुणवत्तायुक्त सामग्री तैयार करेंगे, उतना ही आपके लिए आय की संभावनाएं बढ़ती जाएंगी। ग्राम लिटिया की ग्रामीण बहनें गांव में ही डिस्टेंपर निर्माण कर रही हैं। डिस्टेंपर यूनिट की निर्माण क्षमता हर दिन हजार लीटर तक की है। उन्होंने इसका विक्रय भी आरंभ कर दिया है। साथ ही सरकारी इमारतों में डिस्टेंपर के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने अधिकारियों को विभागीय इमारतों में प्राकृतिक पेंट से पेंटिंग कराने के निर्देश दिये हैं जिस पर कार्रवाई विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई है।

कीमत 225 रुपए प्रति लीटर, इस नंबर में कर सकते हैं संपर्क- इस प्राकृतिक पेंट की कीमत 225 रुपए प्रति लीटर रखी गई है। इसके क्रय के लिए 99936-24545 पर तथा 6260346241 पर संपर्क कर सकते हैं। इसका विक्रय मथुरा महिला क्लस्टर समिति बोरी सोसायटी तथा गायत्री स्वसहायता समूह लिटिया द्वारा किया जा रहा है।

### गुणवत्तायुक्त पेंट प्राकृतिक विकल्प

गोबर से लीपे-पुते घर कितने सुंदर दिखते हैं और बिना किसी कीटनाशक के उपयोग से देर तक घर को प्रदूषण से मुक्त रखते हैं। यह जटिल और श्रमसाध्य कार्य है पर गांवों के अधिकांश घरों में रोज होता है। अब जब पक्के घर बन गये तो डिस्टेंपर भी आये और पोताई कम हो गई। डिस्टेंपर का बजट ग्रामीण क्षेत्रों के घरों में बढ़ गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने इसका विकल्प दिया और प्राकृतिक पेंट के निर्माण की पहल की।

# बीआरएम के कार्मिक शिरोमणि पुरस्कार से हुए सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मिल जोन-1 के अन्तर्गत बार एवं रॉड मिल विभाग में कर्म शिरोमणि एवं पाली शिरोमणि पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बार एवं रॉड मिल विभाग में श्रीमती जुली खाल्को (ओसीटी), जोगेन्दर (ओसीटी), एन सतीश कुमार, , सुब्रत गोन (ओसीटी) एवं नवीन कुमार मुलेटी को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया और प्रबंधक (बीआरएम) परिमल अन्नाजी सोनकर को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (बीआरएम) मुकेश कुमार गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कार्य के दौरान सभी सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने व संसाधनों का उच्चतम उपयोग करते हुए बेहतर प्रतिफल प्राप्त करने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में सभी अनुभाग प्रमुखों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्मिकों के बीच स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ कार्यक्षेत्र में नवीनता, संसाधनों का बेहतर उपयोग एवं संगठनात्मक उददेश्यों को पूर्ण करने के साथ-साथ सुरक्षा मानकों को बनाये रखते हुए विभाग में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले कर्मठ कर्मचारियों को सम्मानित किया जाता है। शिरोमणि पुरस्कार विजेताओं कों भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा एक प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह, पत्नि/पति के नाम से प्रशंसा पत्र एवं मिठाई पैकेट प्रदान किया जाता है। इस कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक (कार्मिक मिल्स जोन-1) श्रीमती समायला अंसारी द्वारा किया गया।

### सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को भी दे रहे है बढ़ावा

# राजीव युवा मितान क्लब की ओर से अलग-अलग क्षेत्रों में खेल मेला का हो रहा है आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के खेल के आयोजन किए जा रहे हैं। जिसमें बच्चे, युवा, महिलाएं तथा बुजुर्ग बढ़-चढ़कर शामिल हो रहे हैं।

### पेंटिंग व रंगोली आदि की प्रतियोगिता के माध्यम से दे रहे हैं प्रेरक संदेश




क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, टेनिस, बैडमिंटन, ऊंची कूद, लंबी कूद, रस्साकशी, कंचा, भंवरा, दौड़, पिट्ठूल, फुगड़ी इत्यादि खेलों में लोग अपनी रूचि दिखा रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की मंशा के अनुरूप राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं तथा खेल, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। भिलाई नगर विधायक एवं राजीव युवा मितान क्लब के राज्य स्तर के समन्वयक देवेंद्र यादव तथा भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल के नेतृत्व में राजीव युवा मितान क्लब वार्ड क्षेत्रों में खेल का आयोजन कर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देते हुए लोगों को इससे जोड़ने का काम कर रहे हैं। निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर राजीव युवा मितान क्लब को बारी-बारी से प्रशिक्षण देकर उन्हें मूल उद्देश्यों से अवगत कराया गया है, ताकि मार्गदर्शिका के अनुरूप वह वार्ड क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर सकें। सामाजिक गतिविधियों के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कुष्ठ उन्मूलन, प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त अभियान, पर्यावरण संरक्षण, एड्स से बचाव आदि का संदेश राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा प्रसारित किया जा रहा है। इसके लिए लोगों में जागरूकता लाने के प्रयास के तहत रंगोली, पेंटिंग प्रतियोगिता व नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया जा रहा है। तालाबों, उद्यानों एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान राजीव युवा मितान क्लब कर रहे हैं इसके अलावा आम लोगों को भी इससे जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। राजीव युवा मितान क्लब के जिला समन्वयक आशीष यादव, भिलाई नगर के समन्वयक सौरभ दत्ता, खुर्सीपार के समन्वयक देवेश एवं राकेश तथा वैशाली नगर के समन्वयक अतुल वास्तव के द्वारा सभी राजीव युवा मितान क्लब से लगातार संपर्क साधकर खेल, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजन को सफ्ल बना रहे हैं। इसके तहत वार्ड क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के आयोजन कर लोगों को इससे जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# साहू संघ ने स्व. ताराचंद साहू की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** तहसील साहू संघ भिलाई-3चरोदा के युवा प्रकोष्ठ के बैनर तले दुर्ग लोकसभा के पूर्व सांसद स्व.ताराचंद साहू की जयंती मनाई गई ।सर्वप्रथम डबरापारा ट्रांसपोर्ट नगर चौक पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष खिलावन साहू ,जिला साहू संघ भिलाई नगर के सलाहकार श्रीमती तुलसी साहू तहसील साहू संघ भिलाई-3चरोदा के अध्यक्ष चंद्रभूषण साहू , जिला साहू संघ भिलाई नगर के सह सचिव व भिलाई-3चरोदा तहसील के सह प्रभारी रामकुमार साहू ,तहसील के युवा अध्यक्ष डॉ.निलेश साहू ,परिक्षेत्रीय अध्यक्ष गण विनोद साहू (चरोदा ) अंगदराम साहू ( भिलाई-3) तेजराम साहू (उमदा) भूवन साहू ( उरला ) युवा प्रकोष्ठ प्रभारी दीपक साहू सह प्रभारी सोहन लाल साहू एवं उप संयोजक एवन साहू ,दीपक साहू डबरापारा स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती सुमन साहू,गायत्री साहू,संतराम साहू,मनसुख साहू सहित समस्त पदाधिकारी के सानिध्य मे भक्त माता कर्मा की पूजा आरती एवं राजकीय गीत अरपा पैरी के धार गीत के साथ कार्यक्रम प्रारंभ की गई ।तत्पश्चात् सर्वप्रथम सामाजिक जागरुकता रैली डी जे की धून के साथ नूतन चौक भिलाई-3 पहुँची। जहाँ स्थानीय अध्यक्ष शंकर साहू,डेरहाराम साहू,उमाशंकर साहू,माधुरी साहू शकुन साहू सन्नी साहू महेश साहू द्वारा स्वागत किया ।भव्य बाईक रैली का मोरिद मे स्थानीय अध्यक्ष अभिषेक साहू,प्रकाश साहू,शोभाराम साहू,अमर साहू,परसराम हिरवानी एवं समस्त पदाधिकारी द्वारा रैली का स्वागत किया ग ।तत्पश्चात् रैली महका होते हुए गनियारी पहुँची। जहाँ नगर पालिका परिषद भिलाई-3चरोदा की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सीता साहू,जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री प्रेमलाल साहू स्थानीय अध्यक्ष भीखम साहू राजकुमार साहू बिसंभर साहू एवं अन्य पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ।सिरसाकला के अध्यक्ष दीपक साहू और उनकी पूरी टीम द्वारा भव्य आतिशबाजी कर स्वागत किया ।देव बलौदा के स्थानीय अध्यक्ष रोहित साहू,गणेश साहू देवराज भूवन साहू एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा स्वागत कर माँ कर्मा की पूजा अर्चना की गई ।उरला के स्थानीय अध्यक्ष गिरवर साहू किशन साहू भेखलाल साहू जी डाँ रोहित साहू एवं पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया ।भाठापारा चरोदा मे अध्यक्ष अरुण साहू ओकेश साहू संतोष साहू द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया। दादर मे थानेश्वर साहू देवा साहू केशव साहू के द्वारा स्वागत किया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950